Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार
मूर्तियां एवं समस्त
पूजन सामग्री
संगमरमर व पीतल की
मूर्तियां राशि रत्न
एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में
सुप्रसिद्ध
ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय
सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 14, अंक 01 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024 | www.samaydarshan.in

### प्रशांत किशोर का बिहार सरकार पर वार

## शराबबंदी केवल सरकारी फाइलों में लागू है-किशोर



**नई दिल्ली।** बिहार में शराबबंदी गहन जांच के दायरे में है। जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर इसे महज औपचारिकता बताते हुए कहा कि यह केवल सरकारी दस्तावेजों और राजनीतिक बयानबाजी में मौजूद है। किशोर की टिप्पणी हाल ही में हुई जहरीली शराब त्रासदी के बाद आई है, जिसमें सिवान और सारण में 25 लोगों की जान चली गई है। किशोर ने प्रभावित परिवारों तक पहुंचने में मुख्यमंत्री की निष्क्रियता की ओर इशारा करते हुए उन्होंने टिप्पणी की और कहा, भ्रष्ट नेता और माफिया पनपते हैं जबकि त्रासदियों पर ध्यान नहीं दिया जाता है। प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं पहला व्यक्ति हूं जो पिछले 3 वर्षों से हर मंच से सार्वजनिक रूप से यह कह रहा हूं कि बिहार में कहीं भी शराबबंदी लागू नहीं है। शराबबंदी सिर्फ सरकारी फाइलों और नेताओं के भाषणों में ही लागू होती है। उन्होंने कहा कि कल की घटना बहुत दुखद है।

### बहराइच हिंसा के आरोपियों से मुठभेड़, पांच को किया गया गिरफ्तार

# बहराइच हिंसा के दो आरोपियों का उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने एनकाउंटर कर दिया,नेपाल भागने की फिराक में थे....

उत्तर प्रदेश/ एजेंसी

उत्तर प्रदेश के बहराइच हिंसा से जुड़े मामले में एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक बहराइच हिंसा के दो आरोपियों का उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने एनकाउंटर कर दिया है। हालांकि, पूरे मामले में 6 लोगों को मुख्य आरोपी बनाया गया है। दावा किया जा रहा है कि जब रामगोपाल मिश्रा की हत्या की गई थी, उस दौरान उस घर में छह लोग मौजूद थे। इनमें से दो आरोपियों का एनकाउंटर हुआ है। उनका नाम फ्हीम और तालिब है फ्लिहाल वह घायल है। ये दोनों आरोपी नेपाल भागने की कोशिश कर रहे थे। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के महाराजगंज इलाके में एक युवक की हत्या के बाद फैले तनाव के मामले में बुधवार तक कुल 11 मुकदमे पंजीकृत हुए हैं और 55 लोग गिरफ्तार किये जा चुके हैं। पिछली 13 अक्टूबर को महाराजगंज इलाके में हुई घटना में जान गंवाने वाले राम गोपाल मिश्र की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक, उसके शरीर में 25 से 30 छर्रे लगे थे और करंट के झटके तथा अत्यधिक रक्त स्राव होने के कारण



उसकी मौत हुई है। घटना में लापरवाही बरतने के आरोप में महसी के पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेन्द्र गौड़ को हटा दिया गया है। महसी इलाके में तनावपूर्ण शांति व्याप्त है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रामगोपाल मिश्र की हत्या को लेकर दर्ज मुकदमे में नामजद छह में से एक अभियुक्त दानिश उर्फशहीर खान को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि वह नेपाल भागने की फ्राक में था तथा उसे हरदी थाना क्षेत्र के राजी चौराहे के पास से पकड़ा गया है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए 14 दिन की रिमांड पर ले लिया है। उन्होंने बताया कि दानिश की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में अब तक कुल 55 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारी के अनुसार, रविवार की रात पहला मुकदमा हरदी थाने में छह नामजद व चार अज्ञात लोगों पर मृतक के परिवार की तरफ से दर्ज कराया गया था। इसके अलावा एक मुकदमा कोतवाली नगर में अस्पताल चौराहे पर तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ छह मुकदमे हिन्दू पक्ष द्वारा दूसरे समुदाय के अज्ञात लोगों के खिलाफ तीन मुकदमे मुस्लिम समुदाय द्वारा उनके घरों में तोड़फोड़ व आगजनी के आरोप में दर्ज कराए गये हैं। उन्होंने बताया किदो मुकदमे 13 अक्टूबर, दो 14 अक्टूबर व सात मुकदमे 15 अक्टूबर को दर्ज हुए हैं। यूपी पुलिस ने मामले पर बयान जारी करते हुए कहा कि रविवार को महराजगंज में एक युवक की गोली मार कर हत्या करने के केस में आज बहराइच पुलिस द्वारा पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार कार खड़े ट्राला में घुसी, तीन लोगों की दर्दनाक मौत

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में कल्याणपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को सड़क हादसे में कार सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा हाईवे पर बड़ौरी टोल प्लाजा के पास हुआ। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार सुबह कानपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बलेनो कार खड़े ट्राला में घुस गई। इस हादसे में कार में सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल तीसरे व्यक्ति को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। इसके बाद पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बलेनो कार कन्नौज नंबर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि 14 अक्टूबर को यूपी के कानपुर में एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। यह हादसा रामादेवी से पनकी भौती जाने वाले हाईवे पर हुआ था।

### वायु प्रदूषण को लेकर स्ष्ट सख्त, पंजाब और हरियाणा सरकार को लगाई फटकार- मुख्य सचिव को किया तलब

**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट लगातार सख्त है। शीर्ष अदालत ने हरियाणा सरकार को पिछले आदेश का पालन नहीं करने पर फटकार लगाई। साथ ही चेतावनी दी कि अगर आदेश का पालन नहीं किया गया तो वह हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना का मामला दर्ज करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने के दोषी पाए गए अधिकारियों पर मुकदमा नहीं चलाने पर बुधवार को हरियाणा और पंजाब सरकारों को फटकार लगाई। साथ ही राज्य के मुख्य सचिवों को 23 अक्तूबर को पेश होने और स्पष्टीकरण देने को कहा। तीन जजों की पीठ ने लिया फैसला न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने में नाकाम रहने पर हरियाणा और पंजाब सरकार के अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### प्रियंका गांधी के खिलाफ सीपीआई ने उतारा उम्मीदवार

## वायनाड उपचुनाव में सत्यन मोकेरी पर जताया भरोसा..

नई दिल्ली/ एजेंसी

सत्यन मोकेरी 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में वायनाड लोकसभा क्षेत्र से एलडीएफ उम्मीदवार होंगे। यह निर्णय सीपीआई राज्य कार्यकारिणी में लिया गया। घोषणा जल्द ही होने की संभावना है। पार्टी ने ईएस बिजिमोल और सत्यन मोकेरी सहित कुछ पर विचार किया। पिछली बार राहुल गांधी के खिलाफचुनाव लड़ने वाली एनी राजा ने पहले ही साफकर दिया था कि वह अब मैदान में नहीं हैं। अन्नी राजा की बेटी अपराजिता का नाम भी सामने आया। चुनाव



अब एक महीना भी दूर नहीं है। इसलिए मोर्चों ने तेज गति से चुनाव प्रचार शुरू करने का निर्णय लिया है. इस सीट से जीतने वाले राहुल गांधी ने रायबरेली में भी जीत हासिल की. रायबरेली से इस्तीफा देने पर उत्तर भारत में प्रतिक्रिया के डर से राहुल ने वायनाड छोड़ दिया। इसके साथ ही वायनाड में उपचुनाव के लिए मंच तैयार हो गया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने घोषणा की कि वायनाड लोकसभा उपचुनाव 13 नवंबर को होगा। वायनाड एकमात्र संसदीय क्षेत्र है जहां 47 अन्य विधानसभा क्षेत्रों के साथ उपचुनाव कराए जाएंगे। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर है और उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी और नतीजे भी उसी दिन घोषित किए जाएंगे।

### चेन्नई में भारी बारिश जारी, कई इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान

**चेन्नई।** तमिलनाडु में चेन्नई और आसपास के जिलों में लगातार दूसरे दिन भी भारी बारिश जारी है। कई इलाकों में पानी भरने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश से पूर्वोत्तर मानसून के आगमन का संकेत मिल रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारी बारिश से अन्ना नगर पश्चिम, कोलाथुर, पम्मल, पेरम्बूर और राज्य की राजधानी के अन्य हिस्सों में आवासीय क्षेत्र में घुटनों तक पानी भर गया है। वहीं चेंगलपट्टू, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिलों के कई हिस्सों में ट्रैफिक जाम की जानकारी सामने आई है।मौसम विभाग ने उत्तरी भागों और डेल्टा क्षेत्र के 12 जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है।

### 10 नवंबर को है रिटायरमेंट

## मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ का कौन होगा उत्तराधिकारी.......

नई दिल्ली/ एजेंसी

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में सुप्रीम कोर्ट के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना के नाम की सिफारिश की है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पिछले शुक्रवार को निवर्तमान सीजेआई को एक पत्र भेजा था, जिसमें उनसे प्रक्रिया ज्ञापन के अनुसार सिफारिश करने को कहा गया था। सीजेआई चंद्रचूड़ भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में दो साल का कार्यकाल पूरा करने के



बाद 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उन्होंने 17 दिसंबर, 2022 को पद की शपथ ली और भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश बने। शपथ लेने के बाद जस्टिस चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की थी। उनके पिता वाईवी चंद्रचूड़ भारत के सबसे लंबे समय तक मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) रहे और 22 फरवरी, 1978 से 11 जुलाई, 1985 तक इस पद पर रहे। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना के 10 नवंबर, 2024 से 13 मई, 2025 तक भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य करने की उम्मीद है। सीजेआई के बाद सुप्रीम कोर्ट में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश के रूप में, न्यायमूर्ति खन्ना का जनवरी 2019 में शीर्ष अदालत में पदोन्नत होने के बाद से एक उल्लेखनीय न्यायिक करियर रहा है।

### शरद पवार का दावा

## हरियाणा चुनाव के नतीजों का नहीं पड़ेगा कोई असर.



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर बिगुल बज चुका है। राजनीतिक दल अपनी तैयारियों में लगे है। वहीं, हरियाणा में जीत के बाद भाजपा का उत्साह बढ़ा हुआ है। माना जा रहा है कि इस जीत के बाद भाजपा महाराष्ट्र और झारखंड में बढ़े हुए आत्मविश्वास के चुनावी मैदान में उतरेगी। हालांकि, राकांपा सपा प्रमुख शरद पवार ने साफ तौर पर कहा कि हरियाणा चुनाव के नतीजों को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। आपको बता दें कि भाजपा ने हरियाणा में कांग्रेस को हराकर सत्ता बरकरार रखी है। शरद पवार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर चुनाव के नतीजे देश के नजरिए से महत्वपूर्ण हैं क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश वैश्विक स्तर पर अधिक ध्यान आकर्षित करता है। सतारा जिले के कराड में पत्रकारों से बात करते हुए, पवार ने यह भी कहा कि लेडी ऑफ जस्टिस की नई प्रतिमा के अनावरण के साथ, भारत के सीजेआई ने एक नई दिशा दिखाई है।

### एनएसजी राइजिंग डे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) राइजिंग डे के अवसर पर बुधवार को अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर एक संदेश साझा किया है, जिसमें उन्होंने एनएसजी के सभी कर्मियों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी। अमित शाह ने कहा कि एनएसजी ने 'सर्वत्र सर्वोत्तम सुरक्षा' के अपने आदर्श वाक्य को पूरा करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने में अद्वितीय विशेषज्ञता दिखाई है। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एनएसजी के स्थापना दिवस पर, मैं हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड कर्मियों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

### जन संघर्ष समिति ने केंद्र व राज्य सरकार से मांग की

## फोर सी कैटेगरी में अपग्रेड होगा बिलासपुर.. एयरपोर्ट,300 करोड़ से अधिक का प्रोजेक्ट

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने केंद्र व राज्य सरकार से मांग की है कि बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास व मेंटनेंस के लिए सरकारी नियंत्रण वाली अलग कंपनी या संस्था का निर्माण किया जाए। जो अधिकार सम्पन्न हो और वित्तीय दक्षता से भरपूर हो। बिलासपुर एयरपोर्ट का फोर सी कैटेगरी में अपग्रेडेशन होना है। इसके लिए 300 करोड़ से अधिक का बजट रहेगा। तेज गति से काम के लिए अलग कंपनी की जरुरत पड़ेगी। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासपुर एयरपोर्ट के फोर सी कैटेगरी में विस्तारीकरण परियोजना के लिए राज्य सरकार से आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र की तर्ज पर एक अलग कंपनी या संस्था के गठन की मांग की है। ऐसी संस्था जिसके पास




तकनीकी दक्षता व मैन पावर के साथ ही अधिकार सम्पन्न हो। अगर ऐसा नहीं हुआ तो इस बात की संभावना ज्यादा बन रही है कि प्रोजेक्ट को पूरा करने में विलंब होगा। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने विस्तार से बताया कि वर्तमान में विमानन विभाग के द्वारा एयरपोर्ट में कार्य के संबंध में दिशा निर्देश देने पर एयरपोर्ट प्रबंधन पहले कलेक्टर कार्यालय को प्रस्ताव भेजा है। इसके अलावा सिविल एविएशन विभाग की सहमति मिलने के बाद वित्त विभाग का एप्रुवल जरुरी होता है। यहां से फिर फाइल पीडब्ल्यूडी के पास जाता है और विभागीय अफसर की सहमति की अनिवार्यता रहती है। हर एक छोटे कार्य के लिए इन प्रमुख कार्यालयों में फाइल चलाई जाती है। या यूं कहें कि यहां से एप्रुवल मिलने के बाद ही काम होता है। जाहिर है इसमें लंबा समय लगता है और इसके चलते अनावश्यक विलंब भी होता है। आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में अलग कंपनी एयरपोर्ट विकास के लिए आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र राष्ट्र सरकार ने अलग कंपनी बना रखी है। पृथक कंपनी को पूरी तरह अधिकार सम्पन बनाया गया है।

### दो महिलाओं समेत 13 कैबिनेट मंत्रियों ने भी ली शपथ

# हरियाणा के सीएम बने नायब सिंह सैनी,पीएम मोदी रहे मौजूद

हरियाणा/ एजेंसी

नायब सिंह सैनी हरियाणा के मुख्यमंत्री बन गए हैं। नायब सिंह सैनी ने आज दूसरी बार हरियाणा मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह पंचकूला के दशहरा ग्राउंड में हुआ। शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा समेत 18 राज्यों के राज्यों के मुख्यमंत्री सैनी के मुख्यमंत्री बनने के साक्षी बनें नायब सिंह सैनी ने आज दूसरी बार हरियाणा की कमान संभाल ली। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पंचकूला में आयोजित भव्य समारोह में नायब सिंह सैनी और उनके मंत्रिमंडल को शपथ दिलाई। सैनी मंत्रिमंडल में शामिल किये गये लोगों की बात करें तो आपको बता दें कि इनमें सबसे पहला नाम अनिल विज का है। इसके अलावा गौरव गौतम, अरविंद शर्मा, श्याम सिंह, राणा कृष्ण बेदी, श्रुति चौधरी, कृष्ण लाल पवार, राव नरवीर सिंह, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल और आरती राव का नाम शामिल है। हम आपको यह भी बता दें कि शपथ समारोह से कुछ घंटे पहले सैनी वाल्मीकि भवन गए और उन्होंने पंचकूला स्थित गुरुद्वारे एवं मनसा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा की नयी सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हरियाणा को तीव्र गति से आगे ले जाने की दिशा में काम करेगी। सैनी ने विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कहा कि हरियाणा की जनता ने मोदी सरकार की नीतियों में विश्वास दिखाया है। उन्होंने एक सवाल के जवाब



में कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र को पूरी तरह लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''हमारे 2014 के संकल्प पत्र और 2019 के संकल्प पत्र को देखें, हमने उन्हें पूरी तरह से लागू किया और अब हमारी सरकार इस संकल्प पत्र को भी लागू करेगी।'' हम आपको यह भी बता दें कि शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तथा एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल हुए। यह एक तरह से एनडीए का शक्ति प्रदर्शन भी था। हरियाणा में लगातार तीसरी जीत हासिल कर भाजपा ने इतिहास रचा है इसीलिए एनडीए नेताओं का भी जोश देखते ही बन रहा है। सुबह चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर भाजपा और एनडीए नेताओं ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका पूरे विश्व में बज रहा है और विपक्षी गठबंधन खासकर कांग्रेस का सारा जोश अब उतर चुका है। हम आपको यह भी बता दें कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित एक सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में विकास के मुद्दों, संविधान के 'अमृत महोत्सव' और आपातकाल के संदर्भ में लोकतंत्र की 'हत्या की कोशिश' के 50 साल पूरे होने पर चर्चा की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आबकारी विभाग द्वारा शराब निर्माण और भंडारण के विरुद्ध की गई कार्रवाई



**जांजगीर-चांपा (समय दर्शन)।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब निर्माण एवं भंडारण पर कार्रवाई की गई। सहायक आयुक्त आबकारी अलेख राम सिदार ने बताया कि ग्राम कल्याणपुर में त्रिलोकी के रिहायशी मकान आधिपत्य से 10 बल्क लीटर महुआ शराब बरामद होने पर आब.अधि. 1915 की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्री यीवरेश कुमार, मुख्य आरक्षक श्री अनवर मेनन, आरक्षक श्री गणेश चेलकर, श्री देवदत्त जायसवाल, श्रीमती गीता कमल शामिल थे।

### स्वस्थ जांजगीर-चांपा अंतर्गत अकलतरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा दिव्यांगता जांच शिविर



**जांजगीर-चांपा (समय दर्शन)।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले के अकलतरा विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वस्थ जांजगीर चांपा अन्तर्गत दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड पंजीयन के लिए दिव्यांगता शिविर के माध्यम से शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों का प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। इसमें पात्रतानुसार प्रमाणीकरण करते हुए प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके साथ यूडीआईडी पंजीयन किया गया। शिविर में अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित, बहुविकलांग, मानसिक विकलांग, मूकबधिर सहित अन्य दिव्यांग व्यक्तियों का चिन्हांकन, मूल्यांकन तथा परीक्षण किया गया।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ 21 से



**जाँजगीर / बिर्रा ।** सक्ती जिला के जैजैपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम शिकारीनार (नंदेली) में 21 अक्टूबर दिन सोमवार से परम पिता परमेश्वर अखिल ब्रह्मांड के नायक श्री कृष्ण चंद्र जी एवं राधा रानी की महान कृपा से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जाएगा। जिसमें कथा व्यास पंडित श्री शेष कृष्ण दुबे जी ग्राम करनौद (बिर्रा) वाले, शिक्षा शिव शक्ति संस्कृत विद्यालय चित्रकूट धाम (उत्तर प्रदेश), अपने श्रीमुख एवं मधुरवाणी से कथा का रसपान कराएंगे। 21 अक्टूबर दिन सोमवार को कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ किया जाएगा। 22 अक्टूबर मंगलवार को सुखदेव आगमन, 23 अक्टूबर दिन बुधवार को ध्रुव एवं प्रहलाद चरित्र, 24 अक्टूबर दिन गुरुवार को श्री रामचंद्र जी एवं श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव, 25 अक्टूबर दिन शुक्रवार को छप्पन भोग रुक्मणी मंगल, 26 अक्टूबर दिन शनिवार को श्री कृष्ण सुदामा प्रसंग, 27 अक्टूबर दिन रविवार को परीक्षित मोक्ष एवं चढ़ोतरी, 28 अक्टूबर दिन सोमवार को तुलसी वर्षा, हवन ,सहस्त्रधारा एवं ब्राह्मण भोजन। कलश यात्रा 21 अक्टूबर दिन सोमवार को दोपहर 1:00 से शुभारंभ किया जाएगा। प्रत्येक दिन कथा का समय दोपहर 2:00 बजे से हरि कृपा तक होगी। इस अवसर पर सभी प्रेमी एवं भक्तजन अपने ईष्ट मित्रों सहित सपरिवार पधार कर कथामृत रसपान कर पुण्य के भागी बने। ग्राम शिकारीनार के ग्रामीणों ने सभी से उपस्थित होने का अपील किए हैं।

### शराब दुकान खुलने का विरोध करने गए थे पाटन, वापस गांव पहुंचा तो अचानक चक्कर आया, इलाज के दौरान अधेड़ की मौत

**पाटन।** ग्राम असोगा में शराब दुकान खुलने का ग्राम जरवाय के ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे है। ग्रामीणों के मुताबिक विरोध करते करते गांव का ही 53 वर्षीय ऋषि राम साहू की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि ऋषि राम साहू भी ग्रामीणों के साथ 6 अक्टूबर को पाटन गए थे। सभी ग्रामीण जरवाय रोड में खुलने वाले शराब दुकान का विरोध कर रहे थे। ग्रामीणों के साथ मृतक भी गांव पहुंचा। गांव पहुंचते ही उसे अचानक चक्कर आई। तभी ग्रामीणों ने इलाज के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया। तबियत ज्यादा बिगड़ी तो रायपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज कराना शुरू किया। बताया रहा है कि अस्पताल में इलाज के दौरान ऋषि साहू का निधन हो गया। इससे गांव में शोक व्याप्त है।

# दुर्ग में भाजपा की सक्रिय सदस्यता की कार्यशाला में पहुंचे पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत

### दुर्ग जिले में भाजपा की सक्रिय सदस्यता का हुआ श्रीगणेश :: जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, विधायक ललित चंद्राकर और गजेंद्र यादव बने पार्टी के सक्रिय सदस्य

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा तय कार्यक्रम अनुसार 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पार्टी की सक्रिय सदस्यता अभियान का दुर्ग में पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत की विशेष उपस्थिति में श्रीगणेश किया गया। इस दौरान जिले भर से पहुंचे अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्यता अभियान के आवश्यक नियमों और औपचारिकताओं की बारीकियों से अवगत कराया गया।

सर्वप्रथम जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा को मध्य पाटन मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू की ओर से दिलीप साहू ने, ग्रामीण विकास व ओबीसी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा ने और



दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव से मंडल अध्यक्ष डॉ. सुनील साहू ने सक्रिय सदस्यता फॉर्म भरवाया, साथ ही सक्रिय सदस्यता शुल्क 500 रुपये जमा करवाया। इस दौरान विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, जिला भाजपा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, सदस्यता अभियान जिला टोली सदस्य रविशंकर सिंह, उषा टावरी, डॉ. मानसी गुलाटी, प्रीतपाल बेलचंदन, नगर पालिका अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, कांतिलाल बोथरा मंचस्थ रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत ने कहा पार्टी एवं सत्ता में भविष्य में पदाधिकारी बनने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य है, ऐसे में जिन कार्यकर्ताओं ने 100 प्राथमिक सदस्य जोड़े हैं, उनकी सूची के साथ निर्धारित प्रपत्र भरकर 500 रुपये का शुल्क देकर सक्रिय सदस्यता का आवेदन जमा कर सकते हैं। सक्रिय सदस्यता शुल्क 500 रुपये में से 100 रुपये भाजपा को ऑनलाइन और पार्टी के प्रादेशिक मुखपत्र दीप कमल हेतु 400 रुपये नगद जमा करना होगा। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि राग-द्वेष और पूर्वाग्रह से प्रेरित हुए बिना सभी मंडल अध्यक्ष अपने मंडल में पात्र कार्यकर्ताओं से निसंकोच सक्रिय सदस्यता के आवेदन फार्म भरवाएं। मंडल अध्यक्षों और सक्रिय सदस्यता सहयोगी का दायित्व सक्रिय सदस्यता फार्म भरवाने का है, इसके बाद सक्रिय सदस्यता आवेदन फार्म का परीक्षण प्रदेश भाजपा नेतृत्व द्वारा नियुक्त जिला समीक्षा समिति करेगी, जिसके संयोजक राजेंद्र कुमार पाध्ये, एवं सदस्य सुरेंद्र कौशिक और दिलीप साहू है। कार्यशाला का संचालन जिला भाजपा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक ने किया।

उक्त कार्यशाला और सक्रिय सदस्यता उद्घाटन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय तिवारी, दिलीप साहू, विनायक नातू, अलका बाघमार, आशीष निमजे अमिता बंजारे, दीपक चोपड़ा, नीलेश अग्रवाल, मनोज सोनी, अनूप सोनी, दिनेश देवांगन, राकेश दुग्गड़, जितेंद्र सिंह राजपूत, रजनीश श्रीवास्तव संतोष सोनी, मदन वाढई, विजय ताम्रकार, सुनील अग्रवाल, गिरेश साहू, जितेंद्र यादव, रोहित राजपूत, महेंद्र लोढ़ा, शिव निषाद, मनमोहन शर्मा, रीता मेश्राम, सोनू राजपूत, राहुल पंडित, द्वारिका साहू, उदय शंकर त्रिपाठी, मौसमी ताम्रकार, कुलदीप साहू, प्रवीण कुमार यदु, दिव्या कलिहारी, साजन जोसफ चंद्र प्रकाश मांडले, विनायक ताम्रकार सहित अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पाटन थाना द्वारा मनाया जा रहा साइबर पखवाड़ा, पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों को साइबर क्राइम से बचने दी जानकारी




### गांव गांव में जागरूकता बढ़ाने की अपील

**पाटन ( समय दर्शन )।** पाटन पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़ा के तहत गुरुवार को जनपद पंचायत पाटन के सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पाटन ब्लॉक के ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायकों को साइबर क्राइम से कैसे बचे इसकी जानकारी दी गई। साथ ही साथ साइबर क्राइम में ठगी के शिकार होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल डायल करने की बात भी कही।। इसके अलावा पुलिस ने अपील किया कि वह गांव-गांव में जाकर साइबर क्राइम से जागरूक कैसे हो इस विषय पर ग्रामीणों को जानकारी दे । साथ ही साथ साइबर ठगी से कैसे बचे इसके लिए ग्रामीणों को जागरुक भी करें। जनपद पंचायत पाटन के सभागार में आज एसडीओपी पाटन आशीष बंछोर, थाना प्रभारी पाटन अनिल कुमार साहू ने ग्राम पंचायत के सचिव और रोजगार सहायकों को साइबर ठगी के बारे में जानकारी दी गई। इससे कैसे बचे इसके भी उपाय बताए गए। इस अवसर पर विशेष रूप से जनपद पंचायत पाटन के सीईओ मुकेश कोठारी एवं अतिरिक्त सीईओ श्वेता यदु, सहित मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी डालींम लता सहित अन्य मौजूद रहे। एसडीओपी आशीष बंछोर ने पंचायत सचिव, रोजगार सहायकों को संबोधित करते हुए कहा कि अभी वर्तमान में साइबर क्राइम तेजी से बढ़ रहा है लोग अनजाने में ठगी की शिकार हो रहे हैं । अनजान फोन कॉल एवं अनजान लिंक पर क्लिक करने से बच्चे। साथ ही साथ किसी भी को अपना ओटीपी शेयर ना करें। श्री बंछोर ने कहा कि गांव-गांव में जाकर साइबर जागरूकता पखवाड़ा भी मनाए जिसमें लोगों को जोड़े और उन्हें साइबर ठगी से कैसे बचे इसकी जानकारी दें। इस अवसर पर पाटन ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक मौजूद रहे।

## श्रीचित्रगुप्त मंदिर में कन्याभोज तथा भजन-कीर्तन कार्यक्रम संपन्न

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** कायस्थ समाज, राजनांदगांव पंजीयन क्रमांक-5410 के तत्वाधान में सभी पदाधिकारी एवं संरक्षकगणों की उपस्थिति में कायस्थ महिला मंडल द्वारा नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर श्री चित्रगुप्त मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। श्री मंदिर के पुजारी द्वारा समस्त पूजन कार्य संपन्न कराए गए। तत्पश्चात सभी कन्याओं एवं बच्चों को प्रेम पूर्वक भोजन प्रसादी कराया गया एवं उपहार प्रदान किया गया। अगले दिवस महिला भजन मंडली (नवागांव) के द्वारा कीर्तन व भजन का कार्यक्रम रखा गया था।

इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सावित्री श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष श्रीमती विम्मी श्रीवास्तव, सचिव श्रीमती सीमा श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष श्रीमती मालती श्रीवास्तव एवं कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती सरला श्रीवास्तव, श्रीमती निरूपमा श्रीवास्तव, श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव, श्रीमती चंद्रिका श्रीवास्तव, श्रीमती स्वाति वर्मा एवं अन्य महिला सदस्य



श्रीमती संध्या श्रीवास्तव, श्रीमती आरती श्रीवास्तव, श्रीमती शिखा श्रीवास्तव, श्रीमती पूजा श्रीवास्तव, श्रीमती साधना खरे, श्रीमती विजयलक्ष्मी श्रीवास्तव, चंद्रकली श्रीवास्तव, श्रीमती रितु श्रीवास्तव, श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, श्रीमती इंदू श्रीवास्तव संरक्षक, श्रीमती रामबाई श्रीवास्तव आदि महिलाएं उपस्थित थी।

साथ ही संरक्षक कृष्णा श्रीवास्तव, सुरेंद्र श्रीवास्तव, रोहिणीकांत श्रीवास्तव, आनंदकुमार श्रीवास्तव, ओमप्रकाश श्रीवास्तव अध्यक्ष, राकेश श्रीवास्तव सचिव, संजय श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य राजेश श्रीवास्तव राजा स्पोर्ट्स, आदेश श्रीवास्तव राजेश प्रिंटर्स, अखिलेश श्रीवास्तव चित्रांश फोटो स्टूडियो, गणेश श्रीवास्तव बिल्डिंग ठेकेदार, अतुल श्रीवास्तव दवा एजेंसी, संदीप श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, अभिनय श्रीवास्तव ठेकेदार, आशीष वर्मा, नीरज श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

उपरोक्त जानकारी महिला मंडल की सचिव श्रीमती सीमा श्रीवास्तव ने दी।

## आवारा मवेशियों से बढ़ी परेशानी चौक चौराहे और सड़कों पर पशुओं का जमवाड़ा आये दिन हादसे का शिकार हो रहे है लोग

**नंदिनी अहिवारा ( समय दर्शन )।** आवारा मवेशियों से बढ़ी परेशानी चौक चौराहे और सड़कों पर पशुओं का जमवाड़ा आये दिन हादसे का शिकार हो रहे है लोग सड़कों पर यमराज बन कर घूम रहे हैं आवारा पशु आम जनता परेशान नगर में घूम रहे आवारा पशुओं को लेकर स्थानीय नगर पालिका मुख्य अधिकारी द्वारा नजर अंदाज करना और ना कोई ठोस कदम उठाना उनकी लापरवाही उजागर होती है, जिम्मेदार अधिकारी द्वारा कोई ठोस कार्यवाही न करने के कारण जिससे लोगों में रोष बढ़ते जा रहा है आलम यह है कि आये दिन कोई ना कोई इनका शिकार हो रहा है नगर में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या लोगों के लिए सिर दर्द और जानलेवा बन रही है शहर का मुख्य मार्ग हो या गली चौक चौराहे सड़कों पर पशुओं का आतंक बढ़ते जा रहा है सबसे ज्यादा खतरा रात के समय



बना रहता है, जबकि शासन द्वारा इन आवारा पशुओं के लिए दिशा निर्देश दिए हैं आवारा पशुओं को पकड़ कर गौठान गौशाला या अन्य सुरक्षित जगह छोड़ने की जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों को दी है परंतु यह प्रशासनिक अधिकारी शासन के आदेश की अवहेलना करते नजर आ रहे हैं,जिसका खामियाजा जनता भुगत रही है जिससे आम जनता को आवारा पशुओं से कैसे निजात मिलेगी, पहले तो नंदिनी अहिवारा में नगर पालिका के कर्मचारी आवारा पशुओं को भगाते नजर आते थे,मुख्य नगर पालिका अधिकारी के इस रवैये से आम जनता में व्यापक रोष है इनकी शिकायत उच्च अधिकारी से की गई है जो जांच के दायरे में है,

## जिला स्तरीय नि :शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर 19 अक्टूबर को

**बलौदाबाजार ( समय दर्शन )/** जिला आयुष विभाग अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय डमरू द्वारा जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रथम आयुष शिविर का आयोजन बेसिक शाला बलौदाबाजार में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा। आयुष चिकित्सा पध्दतियों एवं उनके सिध्दांतो द्वारा बार-बार सर्दी, खांसी होना,नये पुराने रोग वातरोग, उदररोग, अर्श, बवासीर, भगंदर, श्वासरोग, स्त्रीरोग, चर्मरोग, लकवा, पीलियां, पुराने टायफाईट झिनझिनी वातरोग गैस्टींग भूख न लगना, बाल झड़ना एवं पकना नींद नहीं आना आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक चिकित्सा पध्दति द्वारा दिनचर्या, ऋतुचर्या,



रात्रिचर्या योग व आसन आदि का पालन करके सेहत को बेहतर बनाने हेतु तथा विभिन्न नये व पुराने सभी बिमारियों की चिकित्सा हेतु नि:शुल्क चिकित्सा निदान परामर्श एवं औषधि वितरण की जायेगी। उक्त जानकारी जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. गोदावरी पैकरा के द्वारा दी गयी है।

## केंद्र सरकार के नीति का पालन करे राज्य सरकार : फेडरेशन

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, जिला संरक्षक मुकुल साव, जिला अध्यक्ष पीआर झाड़े, पीएल साहू, जितेंद्र बघेल, बृजभान सिन्हा, वीरेंद्र रंगारी, शीरीष पांडे, हेमंत पांडे, पुष्पेंद्र साहू, उत्तम डड़सेना, द्रोण साहू, सीमा तरार, शिवानी दीवान, नीलू झाड़े, रमेश साहू, संजीव मिश्रा, संगीता ब्यौहरे, अभिषिक्ता फंदियाल, स्वाति वर्मा, सुधांशु सिंह, सोहन निषाद, अब्दुल कलाम खान, सीएल चंद्रवंशी, राजेंद्र देवांगन, सीआर वर्मा, हीरालाल गजभिए एवं अनिल साहू का कहना है कि अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (एआईसीपीआईएन) के आधार पर केन्द्र सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष के 1 जनवरी एवं 1 जुलाई के स्थिति में कर्मचारियों तथा पेंशनरों को महँगाई भत्ता (डीए) तथा महंगाई राहत (डीआर) में वृद्धि किया जाता है। राज्य सरकार को भी इस नीति



का पालन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2019 से 1 जुलाई 2024 तक केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के समान, राज्य सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता (डीए) तथा महंगाई राहत (डीआर) नहीं दिया जा रहा है, जो कि केन्द्र सरकार की नीति के अनुसार नहीं है। आखिर छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी का कब क्रियान्वयन होगा? क्या राज्य सरकार ने मोदी की गारंटी को भुला दिया है? कर्मचारी जगत हैरान है!

उन्होंने कुछ आंकड़ों से बताया कि 1 जनवरी 23 को एआईसीपीआईएन 132.8 पर केन्द्र में डीए/डीआर 42 प्रतिशत लेकिन राज्य में 33 प्रतिशत, 1 जुलाई 23 को एआईसीपीआईएन 139.7 पर केन्द्र में डीए/डीआर 46 प्रतिशत लेकिन राज्य में 38 प्रतिशत, 1 जनवरी 24 को एआईसीपीआईएन 138.9 पर केन्द्र में डीए/डीआर 50 प्रतिशत, लेकिन राज्य में 42 प्रतिशत! 1 जुलाई 24 को एआईसीपीआईएन 142.7 पर केन्द्र में डीए/डीआर 53 प्रतिशत (अपेक्षित), लेकिन राज्य में 46 प्रतिशत! जिसके कारण 1 जुलाई 2019 से 31 जुलाई 2024 तक कर्मचारियों को लाखों में आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रारंभिक न्यूनतम वेतन पर हुए नुकसान का जानकारी दिया कि लेवल-1 (ग्रेड पे 1300), 64740 रूपये, लेवल-2 (ग्रेड पे 1400) 66815 रूपये, लेवल-3 (ग्रेड पे 1800) 74700 रूपये, लेवल-4 (ग्रेड पे 1900) 80925 रूपये, लेवल-5 (ग्रेड पे 2200) 92960 रूपये, लेवल-6 (ग्रेड पे 2400) 104995 रूपये, लेवल-7 (ग्रेड पे 2800) 119105 रूपये, लेवल-8 (ग्रेड पे 4200) 146910 रूपये, लेवल-9 (ग्रेड पे 4300) 158115 रूपये, लेवल-10 (ग्रेड पे 4400) 179280 रूपये, लेवल-11 (ग्रेड पे 4800) 203765 रूपये, लेवल-12 (ग्रेड पे 5400) 232815 रूपये, लेवल-13 (ग्रेड पे 6600), 279295 रूपये, लेवल-14 (ग्रेड पे 7600) 331585 रूपये, लेवल-15 (ग्रेड पे 8700) 491775 रूपये, लेवल-16 (ग्रेड पे 8900) 538255 रूपये लेवल-17 (ग्रेड पे 10000) 588470 रूपये।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 1 अक्टूबर 2024 से डीएम में 4 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा से डीएम 46 प्रतिशत से 50 प्रतिशत हो गया है। जिसके कारण कर्मचारियों के वेतन में 4 प्रतिशत तथा एचआरए में 1 प्रतिशत का वृद्धि होगा। एचआरए 9 प्रतिशत अब 10 प्रतिशत तथा 6 प्रतिशत अब 7 प्रतिशत देय होगा। डीए में वृद्धि से चतुर्थ वर्ग कर्मचारी को वेतन में न्यूनतम 624 रूपये और अधिकतम 1976 रूपये, तृतीय वर्ग को 780 रूपये और 2480 रूपये, द्वितीय श्रेणी को 1728 और 5460 रूपये तथा प्रथम श्रेणी को 3196 रूपये और 8468 रूपये वृद्धि होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान मूलवेतन पर डीए में 4 प्रतिशत तथा एचआरए में 1 प्रतिशत कुल 5 प्रतिशत की वृद्धि कर्मचारियों के आंदोलन के वजह से हुआ है।

सार समाचार

## रायपुर पश्चिम विधायक ने नगर निगम जोन 8 में नये विकास कार्यो का किया भूमिपूजन

**रायपुर( समय दर्शन )।** आज रायपुर पष्चिम विधायक राजेश मूणत ने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 8 के तहत रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्रमांक 20 के बडा भवानी नगर कोटा क्षेत्र में पहुंचकर वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य श्री श्रीकुमार मेनन, पार्षद श्री भोलाराम साहू, पूर्व पार्षद श्री ओंकार बैस, श्री पुरूषोत्तम देवागन, सामाजिक कार्यकर्ता श्री प्रीतम ठाकुर, जोन 8 जोन कमिष्नर श्री ए.के. हालदार, कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक गुप्ता सहित बडी संख्या में गणमान्यजनों, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवकों, आमजनों की उपस्थिति के मध्य अधोसंरचना मद समग्र षिक्षा मद, सामान्य मद से विभिन्न 6 स्थानों पर 57 लाख रू. की स्वीकृत लागत से नवीन विविध विकास कार्यो का श्रीफल फोडकर एवं कुदाल चलाकर भूमिपूजन करते हुए कार्यारंभ कर नागरिको को शानदार सौगात दी । नगर निगम जोन 8 द्वारा वार्ड 20 के तहत क्षेत्र में हाउसिंग बोर्ड कालोनी कोटा मंगल भवन के पास सतनामी पारा में आदर्ष आंगनबाडी भवन निर्माण 10 लाख में, बडा भवानी नगर में प्राथमिक शाला भवन का जीर्णोद्धार, शौचालय , पेयजल की व्यवस्था 10 लाख रू. में, षिक्षक कालोनी में उद्यान का जीर्णोद्धार 10 लाख में, बडा भवानी नगर में सुलभ शौचालय के पास सामुदायिक भवन और रंगमंच निर्माण 10 लाख में, स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय के तहत शासकीय प्राथमिक शाला भवानी नगर कोटा में कम्युनिटी शौचालय यूरिनल सहित निर्माण कार्य 5 लाख में एवं छोटा भवानी नगर क्षेत्र में आंगनबाडी निर्माण कार्य 12 लाख रू. की स्वीकृत लागत से शीघ्र करवाने रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने पार्षद व एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन , पार्षद भोलाराम साहू सहित गणमान्यजनों, महिलाओं, आमजनों , नवयुवकों की उपस्थिति में कुल 57 लाख रू. की लागत से नये विकास कार्यो का शुभारंभ किया । रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कहा कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि का कर्तव्य क्षेत्र का विकास करने का कार्य होता है। यही संकल्प लेकर वे कार्य कर रहे है। जनभागीदारी से क्षेत्र के विकास में मिलकर कार्य करने कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी जायेगी। रायपुर पष्चिम विधायक ने कहा कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत सभी पात्र महिलाओं को हर माह 1000 रू. छत्तीसगढ शासन द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निर्देष पर दिया जा रहा है। सभी पट्टाधारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान उपलब्ध करवाने का कार्य किया जायेगा।

आवास मेला में 320 हितग्राहियों को आवास पूर्णता एवं नवीन स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरित

# पक्का मकान के सपनों को पूरा करने पीएम मोदी दृढ़ संकल्पित : मंत्री देवांगन

**रायपुर( समय दर्शन )।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आज कोण्डागांव के ऑडिटोरियम में आयोजित एक दिवसीय आवास मेला में जिले के प्रभारी मंत्री तथा वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र एवं आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया। आवास मेला के शुभारंभ से पहले मंत्री देवांगन ने जिले में लगभग 04 करोड़ रूपए से अधिक के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री देवांगन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि विकास के साथ हर गरीब का पक्का मकान हो, हर घर में शौचालय हो, हर घर में शुद्ध पेयजल हो और रसोई धुंआमुक्त हो, इसी सोच के साथ कार्य करते हुए



उन्होंने कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की है। प्रधानमंत्री मोदी जरूरतमंदों के पक्का मकान के सपने को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उनके नेतृत्व में हमारा देश हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आवास योजना के हितग्राहियों के साथ धोखाधड़ी न हो, इसलिए प्रधानमंत्री द्वारा सीधे उनके खाते में किशत की राशि भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय ने भी सबसे पहले राज्य के गरीबों के हित में निर्णय लेते हुए 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी। मंत्री देवांगन ने आवास का सपना पूरा होने पर सभी हितग्राहियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम एवं नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी ने भी सम्बोधित किया।

# आदर्श आचरण संहिता के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक - कलेक्टर डॉ गौरव सिंह

**रायपुर( समय दर्शन )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने कहा है कि सभी राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को निर्वाचन आयोग की आदर्श आचरण संहिता के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक है तथा आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी का उद्देश्य स्वतंत्र निष्पक्ष चुनाव कराना है। इस प्रक्रिया में राजनैतिक दलों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हैं। सभी के सहयोग से रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की प्रक्रिया को सफलता पूर्वक संपन्न कर पाएंगे। उपनिर्वाचन 2024 के संदर्भ में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सिंह द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में ली गई। बैठक के दौरान आदर्श आचरण संहिता के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई तथा आचार संहिता का आवश्यक रूप से पालन करने की अपेक्षा राजनीतिक दलों से की। कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि नामांकन के समया किसी प्रत्याशी एवं उसके समर्थकों के तीन से अधिक वाहन आरओ या एआरओ कार्यालय के 100 मीटर के दायरे के भीतर नही आएंगे। मतदान के दिन प्रत्याशियों को केवल तीन वाहनों की संचालन की अनुमति होगी.एक स्वयं के लिए एक निर्वाचन अभिकर्ता के लिए और एक कार्यकर्ताओं के लिए। इन वाहनों के लिए अनुमति पत्र सक्षम प्राधिकारी जारी करेंगे और यह अनुमति पत्र वाहनों के सामने शीशे पर प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी को जातीय, धार्मिक विषयों से बचकर अपना प्रचार-प्रसार करना चाहिए। वोट के लिए अपील करते समय धार्मिक स्थल या संस्थान का उपयोग नही किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि कोई दल या प्रत्याशी स्वयं किसी की निजी संपत्ति पर, भवन, भूमि अथवा परिसर पर झंडे,पोस्टर बैनर आदि उसकी पूर्वानुमति के बिना नही लगाएगा और न ही अपने समर्थको को ऐसा करने दें। अस्थायी प्रचार कार्यालयों की अनुमति किसी भी अतिक्रमित भूमि या भवन पर नहीं दी जायेगी। साथ ही शैक्षणिक संस्थान या अस्पताल से लगे हुए भवनों में भी अस्थायी प्रचार कार्यालय की अनुमति नहीं दी जाएंगी। किसी भी मतदान केंद्र के 200 मीटर की परिधि में ये किसी भी कार्यालय के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। ये कार्यालय किसी धार्मिक भवनों में नहीं संचालित किए जा सकेंगे । इसकी अनुमति सक्षम प्राधिकारी द्वारा दी जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन के दौरान सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर ही जुलूस, रैली एवं सभा का आयोजन किया जाए।

# अदानी के संरक्षक व राजस्थान सरकार के पोषक की तरह काम कर रही भाजपा : डॉ महंत

**रायपुर( समय दर्शन )।** विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने भाजपा विष्णुदेव सरकार पर कोल खनन को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा है कि, छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार अदानी के संरक्षक एवं राजस्थान सरकार के पोषक की तरह काम कर रही है। नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने कहा कि, विधानसभा में पारित प्रस्ताव का उल्लंघन करके हसदेव अरण्य क्षेत्र में परसा एवं केते एक्सटेंशन नाम की नई कोयला खदानें खोलने का काम पुलिस संरक्षण में कराया जा रहा है।राजस्थान की कोयले की पूरी आवश्यकता पहले से चालू खदान, पी.ई.के.बी. से पूरी हो रही। नए



खदान की जरूरत नहीं है, 2022 में कांग्रेस सरकार ने केंद्र को पत्र लिख कर परसा कोल ब्लॉक का आवंटन रद्द करने की मांग की थी कांग्रेस सरकार के रहते 16 जुलाई 2023 को सुप्रीम कोर्ट में भी शपथ पत्र दाखिल कर परसा या केते एक्सटेंशन या किसी अन्य खदान की आवश्यकता को गलत बताया था। नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत का कहना है कि, आदिवासी होते हुए भी वे आदिवासी क्षेत्रों को उजाड़ने और हसदेव अरण्य क्षेत्र जैसे महत्वपूर्ण जंगल को काटने की अनुमति दे रहे हैं, जबकि राजस्थान की सारी कोयला आवश्यकता पहले से चालू खदान से पूरी हो रही है और नए खदान की कम से कम 18 साल कोई आवश्यकता नहीं है। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को हसदेव अरण्य क्षेत्र में चार कोल ब्लॉक आवंटित है।परसा ईस्ट और केते बासन खदान को मिलाकर जो खदान बनाई गई है पीईकेबी इसकी उत्पादन क्षमता 21 मिलियन टन की जा चुकी है। पिछले साल ही वहां 18 मिलियन टन कोयला का उत्पादन हुआ। राजस्थान के कुल 4340 मेगावाट के पावर प्लांट हसदेव अरण्य कोल फील्ड के कोल ब्लॉक पर आश्रित है। वर्तमान में इनकी वार्षिक कोयला आवश्यकता लगभग 18 मिलियन टन है। यह आंकड़ा केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण और पावर प्लांट के प्लांट लोड फैक्टर के आधार पर निकाला गया है। स्पष्ट रूप से यह पूरी आवश्यकता चालू खदान पी.ई.के.बी. से पूरी हो रही है और वर्तमान में इस खदान में 300 मिलियन टन से अधिक कोयला है अर्थात 18 साल का कोयला मौजूद है।

# डिप्टी सीएम ने दिए राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

**रायपुर( समय दर्शन )।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने लोक निर्माण विभाग और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ह्र॥ह्व) के अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य में निर्माणाधीन और प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्गों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर के नवीन विश्राम भवन में हुई बैठक में निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाने तथा प्रस्तावित कार्यों की बाधाओं को दूर कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-130डी नारायणपुर से कस्तुरमेटा मार्ग का काम जल्दी प्रारंभ करने को कहा। उप मुख्यमंत्री साव ने



बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग के सभी स्वीकृत एवं निर्माणाधीन कार्यों के भू-अर्जन के भुगतान और वन-व्यपवर्तन (स्नश्रह्द्गह्यह्ल-ष्द्व1द्गह्म्ह्यद्बश्ठ्ठ) की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री को बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि केशकाल बायपास का प्राक्कलन स्वीकृति के लिए केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली को भेजा गया है। साव ने केंद्र सरकार से इसकी शीघ्र मंजूरी प्राप्त कर काम प्रारंभ करने के लिए यथाशीघ्र निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिए।

## खाद्य विभाग ने राइस मिलर पर की जांच, धान एवं चावल जब्त

**रायपुर( समय दर्शन )।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर आज खाद्य विभाग की टीम ने राइस मिलर में पहुंचकर जांच की। कार्रवाई करते हुए धान एवं चावल जब्त किया। खाद्य नियंत्रक श्री भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि खाद्य विभाग की टीम ने आरंग के मेसर्स कृष्णा फूड्स में पहुंचकर जांच की और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए धान एवं चावल जब्त किया है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने राईस मिलरों को आगामी 28 अक्टूबर 2024 तक नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने के निर्देश दिया। साथ ही प्रतिदिन जमा किए जाने वाले चावल की मानिटरिंग के लिए खाद्य विभाग को निर्देश जारी किया। साथ ही नागरिक आपूर्ति निगम के डिपो को अवकाश के दिनों में भी खोले जाने के निर्देश दिया है। बैठक में अनुपस्थित राईस मिलरों के विरूद्व कार्रवाई करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी, सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया गया। साथ ही जिला विपणन अधिकारी को प्रतिदिन लक्ष्य अनुरूप नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा नहीं करने वाले राईस मिलर की बैंक गारंटी जब्त करने का निर्देश भी दिया। बैठक में अनुपस्थित राईस मिलर्स मेसर्स गोयल हर्ष, मेसर्स कृष्णा फूड्स, मेसर्स रानूलाल गांधी राईस मिल, मेसर्स गुरूनानक राईस इंडस्ट्रीज की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। बैठक में जिला खाद्य नियंत्रक, जिला विपणन अधिकारी एवं जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम तथा जिले के राईस मिलर्स उपस्थित रहे।

# धान खरीदी के दिन कम करना सरकार की बदनीयती : बैज

**रायपुर( समय दर्शन )।** कांग्रेस ने मांग की है कि धान खरीदी 1 नवंबर से शुरू की जाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 14 नवंबर से धान खरीदी के निर्णय से सरकार की नीयत में खोट साफ नजर आ रही है। सरकार 14 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी का निर्णय लिया है। इसका मतलब है पहले ही सरकार धान खरीदी 14 दिन कम करेगी। यदि शुरूआत देर से की जा रही है तो खरीदी की अंतिम तिथि को 15 दिन आगे बढ़ाना चाहिये। ताकि सभी किसानों का धान समर्थन मूल्य पर बिक सके। खरीदी अवधि कम करना भाजपा सरकार बदनीयती का प्रमाण है। दीपक बैज ने कहा कि सरकार की



घोषणा के अनुसार 14 नवंबर से 31 जनवरी तक कुल 75 दिन के अंदर धान खरीदी का लक्ष्य है, इसमें से 35 दिनों लगभग एक महिना से अधिक छुट्टी है, अर्थात मात्र 40 दिन ही सरकार धान खरीदी करेगी। मात्र 40 दिनों में 30 लाख से अधिक किसानों के धान की खरीदी संभव नहीं। पंजीकृत किसानों की संख्या बढ़ी है। रकबा बढ़ा है। पैदावार भी ज्यादा हुआ है। प्रति एकड़ खरीदी की लिमिट भी बढ़ी है, फिर खरीदी की अवधि कम करने का आधार क्या है? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार इस वर्ष धान की खरीदी 3217 रू. में करे क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रू. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रू. में धान खरीदी किया था।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 159679/निविदा सूचना क्र. 05/वलेलि/2024-25, बेमेतरा दिनांक 14.10.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 04.11.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम- बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा के नर्मदा व्यपवर्तन योजना के अंतर्गत देवकर माईनर एवं बगद्वार माईनर का रिमाडलिंग एवं लाईनिंग तथा 08 नग व्ही.आर.बी., 03 नग फाल, 04 नग माईनर हेड, 02 नग स्केप, 06 नग इनलेट, 01 नग डी.सी. एवं 40 नग कोबाला का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत - रू. 280.09 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 21.10.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट:- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बेमेतरा
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-242503177/3

# जेनेरिक दवा की जगह ब्रांडेड दवा की खरीदी

**रायपुर( समय दर्शन )।** सरकारी अस्पतालों में मरीजों को जेनेरिक दवा उपलब्ध कराने के केन्द्र और राज्य सरकार के आदेशों की सीजीएमएससी और ईएसआईसी खुलेआम मखोल उड़ा रही हैं। आदेशों को दरकिनार कर सलेक्टेट कंपनियों से ब्रांडेड दवा की लगातार खरीदी कर व्यापक अनियमितता इन संस्थाओं द्वारा की जा रही हैं। केन्द्र सरकार ने अस्पतालों में डाक्टरों को जेनेरिक दवा लिखने के निर्देश देने के साथ ही दवाओं के नाम अंग्रेजी के कैपिटल वर्ड में लिखने तथा दवा पर्ची में नजदीकी जेनेरिक दवा केन्द्र का पता दर्शाने का साफ निर्देश दिया है। ईएसआईसी हर वर्ष लगभग 40 करोड़ की दवा खरीदती है जो ब्रांडेड होती हैं। वहीं जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं से लगभग 70 फीसदी कम कीमत पर मिलती हैं। जिसे खरीदने से दवा खरीदी का यह खर्च आधी हो जाएगी, वही मरीजों को भी सस्ती दवा मिल सकेगी बावजूद कमीशन और भ्रष्टाचार के लिए जिमेदार एजेंसियां सरकार के आदेश की भी अवहेलना कर रहे हैं। खरीदी में व्यापक अनिमितता की शिकायतें सामने आई हैं। कांग्रेस शासन काल में अनियमितताओं को लेकर छत्तीसगढ़ लोक आयोग और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में प्रकरण दर्ज किया गया है इसके बावजूद जिस प्रक्रिया को लेकर शिकायत की गई है उन्हीं प्रक्रिया के तहत दवाओं की खरीदी आज भी की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य कर्मचारी बीमा सेवाएं ईएसआईसी में प्रत्येक वर्ष लगभग 40 करोड़ की दवाइयों की खरीदी की जाती है। दवाई खरीदी में अनियमितता की शिकायत पर



छग लोक आयोग में प्रकरण क्रमांक 12/2018 दर्ज किया गया है। इसके साथ ही आर्थिक अपराध अन्वेषण व्यूरों रायपुर में भी शिकायत क्रमांक आर273/2017र दर्ज किया गया था। दोनों ही प्रकरण में जांच लंबित है। इसके बावजूद पुरानी पद्धति से ही दवा खरीदी की तैयारी की जा रही है। इसके लिए आगामी कुछ दिनों में आर्डर जारी होने की खबर है। दवाओं के पेमेंट में अनियमितता बरती जा रही है। पिछली खरीदी में दवा क्रय करने का आदेश कंपनियों को दिया गया और भुगतान डिलर को किया गया जो निविदा नियमों के विरुद्ध है। दरअसल ईएसआईसी दिल्ली द्वारा रेट कान्ट्रैक्ट की सूची अनुमोदित की जाती है जिसके आधार पर राज्य की संस्थाओं को दवा क्रय करने होते हैं। अनुमोदित सूची में क्रय नियम व शर्तों के अनुसार दवाइयों का क्रयादेश सीधे अनुमोदित कंपनियों को ही दी जाएगी। दवाइयों की आपूर्ति सीधी कंपनियों के द्वारा किए जाने पर भुगतान भी कंपनियों को ही किया जाएगा परन्तु पूर्वोक्त नियमों एवं भंडार क्रय नियमों का उल्लंघन करते हुए अनुमोदित दवाई निर्माता कंपनियों से दवाइयों की खरीदी न कर अधिकांश क्रयादेश अनाधिकृत फर्मों एवं कंपनियों को जारी किए गए इसके तहत दवाओं की आपूर्ति एवं भुगतान कर करोड़ों का भ्रष्टाचार किया गया। केन्द्र सरकार का साफनिर्देश है कि दवाओं की खरीदी जेम के माध्यम से और सरकारी उद्यमों से की जाए साथ ही ब्रांडेड दवाओं की जगह जेनेरिक दवाएं खरीदें और डाक्टर भी जेनेरिक दवा ही लिखें। इसके बाद भी राज्य कर्मचारी बीमा सेवाएं द्वारा रेट कांट्रेक्ट के माध्यम से अधिक दर पर पसंदीदा कंपनियों से ब्रांडेड दवाइयां खरीदी सरकार ने समय-समय पर जारी किए सर्कुलर केन्द्र व राज्य सरकारों ने समय-समय पर आदेश जारी कर सरकारी अस्पतालों में जेनेरिक दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। इतना ही नहीं केन्द्र सरकार ने देश भर के सभी ईएसआइ अस्पतालों में पीएम जन औषधि केंद्र खोलने के भी निर्देश दिए हैं। इससे अस्पतालों में दवा की उपलब्धता आसान होगी। ईएसआई कॉरपोरेशन, दिल्ली मुयालय के चिकित्सा आयुक्त की ओर से सभी मेडिकल कॉलेज के डीन तथा अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षक के नाम पत्र जारी किया गया है।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Co. of CSEB) CIN - U40108CT2003SGC015820 GST No. 22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (COMMUNICATION & TELEMETRY), C.S.P.TRANS. Co.Ltd., BHILAI
E-mail ID-cecntcsptcl.bhilai@cspc.co.in, Ph.No.-0788-2281300 Website:-www.cspc.co.in

NO. 02-18/ CE(C&TM)/ TR-24/752 Dated: 10.10.2024

NOTICE INVITING E-TENDER

Sealed tenders are invited for the engagement of 11Nos. Technical Person for the various offices under CE (C&TM), CSPTCL, Bhilai through e-bidding:

| Tender No. & Date | Name of work | EMD (Rs.) | Cost of tender form (Rs.) (Incl. GST@18%) | Date of opening |
|---|---|---|---|---|
| TR-24/752, dtd. 10.10.2024 (RFX-8100039712) | Engagement of 11 Nos. Technical Personnel (semi-skilled), for the various offices under CE (C&TM), CSPTCL, Bhilai through outsourcing for a period of 01 year (12 months) | 23,000/- | 2000 /- | 12/11/2024, 15:30 Hrs. |

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our web site "www.cspc.co.in/csptcl/tender notices/ /Latest Tenders/Communication & Telemetry.'

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer
(Communication & Telemetry),CSPTCL, Bhilai

Samwad- 41819/2

## संपादकीय

# नायडू की पार्टी पर कोई फर्क नहीं

ऐसा लगता है कि उन पार्टियों को भी, जो कभी संवैधानिक भावना के अनुरूप धर्मनिपरपेक्षता की बात करती थीं, हिंदुत्व की गंगा में तैरना अब अधिक फायदेमंद लगता है। चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार भी इस गंगा में कूद पड़े हैं। यह तथ्य पहले ही सामने आ गया था कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बिना पर्याप्त सबूत के, संभवत~ जानबूझ कर, तिरुपति लड्डू विवाद उछाला। जिन प्रयोगशालाओं में लड्डू में इस्तेमाल हुए घी की जांच की गई थी, वहां के विशेषज्ञों ने कुछ सैंपलों में मिलावट का शक जरूर जताया था। मगर उन्होंने यह नहीं कहा था कि उसमें पशु चरबी की मिलावट है। यह पूरी कहानी चंद्रबाबू नायडू ने सियासी फायदे के लिए बनाई। चूंकि पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी ईसाई धर्मावलंबी हैं, इसलिए चंद्रबाबू को लगा होगा कि यह मामला उठा कर रेड्डी के राजनीतिक करियर को स्थायी रूप से खत्म किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां इस सच्चाई की पुष्टि हैं। कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को सलाह दी है कि वे कम-से-कम ईश्वर को सियासत से दूर रखें। मौजूदा हकीकत के बीच इस संवैधानिक भावना का अनुपालन अति-आशावादी नजर आता है। यह दौर राजनीतिक मकसदों के लिए धर्म का बढ़-चढ़ कर दुरुपयोग करने का है। दरअसल, ऐसा करने की क्षमता सियासी कामयाबी का पैमाना बन गई है। सुप्रीम कोर्ट ने ये तथ्य दोहराया कि अब तक तिरुपति लड्डुओं में पशु चरबी की मिलावट का कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। लेकिन कोर्ट की इस टिप्पणी से चंद्रबाबू नायडू की पार्टी पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। जैसेकि इस बारे में विशेषज्ञों की मीडिया में आई प्रतिक्रिया का उस पर कोई असर नहीं हुआ। वह अपने पास मौजूद कथित सबूत पर टिकी हुई है। ऐसा लगता है कि उन पार्टियों को भी, जो कभी संवैधानिक भावना के अनुरूप धर्मनिपरपेक्षता की बात करती थीं, हिंदुत्व की गंगा में तैरना अब अधिक फायदेमंद लगता है। अभी हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में अयोध्या स्थित मंदिर बनवाने में उनकी भूमिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही सीतामढ़ी जिले में सीता के जन्मस्थल (जैसीकि मान्यता है) पर भव्य मंदिर बनवाने का इरादा जताया। विडंबना है कि जून में चुनाव नतीजा आने के बाद बहुत से लोगों ने चंद्रबाबू और नीतीश कुमार से ही नरेंद्र मोदी के एजेंडे पर लगाम लगाने की आस जोड़ी थी!

# मतदाता धर्म आधारित तो बिल्कुल भी नही

**ओमप्रकाश मेहता**

देश के दो प्रधान धर्मों हिन्दू व मुस्लिम के बाहुलय मतदाताओं वाले राज्यों की विधानसभा चुनावों के परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इन राज्यों के मतदाता धर्म आधारित तो बिल्कुल भी नही है। जम्मू-कश्मीर में जहां भाजपा को नेशनल कांफ्रेस से करीब आधी सीटें मिली, वहीं हिन्दू मतदाताओं के बाहुल्य वाले हरियाणा में कांग्रेस का काफी अवमूल्यन हुआ है, वैसे इस राज्य में कांग्रेस की जड़े गहरी है, किंतु इस बार मतदाताओं की सोच में समयानुसार परिवर्तन आया है, जिसका परिणाम यहां भाजपा का परचम लहराना है। यद्यपि राजनीतिक पण्डितों की जम्मू-कश्मीर को लेकर यह सोच या आशंका अवश्य है कि वहां से नेशनल कांफ्रेस का जीतना भारत के लिए खतरनाक इसलिए है, क्योंकि नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूख अब्दुल्ला व उनके बेटे उमर अब्दुल्ला की निजी सोच पाकिस्तान के काफी निकट है, वे समय-समय पर पाकिस्तान की पैरवी करते रहते है, इसलिए यह भारत की एकता के लिए खतरनाक हो सकता है, किंतु चूंकि जम्मू हिन्दू प्रधान और कश्मीर मुस्लिम प्रधान क्षेत्र है, इसलिए जम्मू और कश्मीर के राजनेताओं और मतदाताओं की सोच अलग हो सकती है, किंतु इस मसले को भारत सरकार को समय रहते गंभीरता से लेना चाहिए, वर्ना धरती का स्वर्ग हमारे हाथों से खिसक सकता है, इसी विभाजनकारी खोज के कारण भाजपा का कश्मीर में कोई अस्तित्व नही रह गया है, जबकि जम्मू में भाजपा का स्थान काफी अहम् है, इसलिए यदि यह कहा जाए कि जम्मू-कश्मीर की राजनीति धर्म आधारित है तो वह कतई गलत नही होगा। फिर इस राजनीतिक बिन्दु पर हमने अभी से गंभीर रूप से ध्यान नही दिया तो फिर हम पाक अधीकृत कश्मीर को हमारे पाले में लाने के बारे में भी सोच नही कर पाएगें। ?इस तरह कुल मिलाकर हमारे मस्तक पर विराजित इन दोनों महत्वपूर्ण क्षेत्रों जम्मू एवं कश्मीर के भविष्य पर गंभीर चिंतन जरूरी है और इस चिंतन की शुरूआत इन विधानसभा चुनाव परिणामों के साथ ही शुरू करना चाहिए। ?करीब एक दशक के बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए है और जनता ने भाजपा-कांग्रेस दोनों को ही सीधे-सीधे नकारते हुए नेशनल कांफ्रेंस के हाथों में राज्य की बागडोर सौंप दी है और लगे हाथ फारूख अब्दुल्ला ने अपने बेटे उमर अब्दुल्ला का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित भी कर दिया। यहां इस राजनीतिक माहौल में कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद को भी भुलाया नही जा सकता, जिनकी वजह से अतीत में जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस का परचम लहराया करता था, किंतु अब वे कांग्रेस से नाराज होकर अपने स्वयं द्वारा गठित नए राजनीतिक दल के सर्वेसर्वा है, यद्यपि उनकी अपनी पार्टी का राज्य में फिलहाल कोई विशेष अस्तित्व नही है, किंतु वे एक जाने-पहचाने राष्ट्रीय नेता अवश्य है। उनकी अपनी इन चुनावों में क्या भूमिका रही? यह अभी तक स्पष्ट नही हो पाया है किंतु उनकी मुख्य पहचान जम्मू-कश्मीर से ही हैं। अब राजनीतिक पंडितों का इन चुनाव परिणामों को लेकर मुख्य चिंतन यह है कि इन दोनों राज्यों हरियाणा व जम्मू-कश्मीर के परिणामों का इस वर्ष के अंत तक होने वाले दो राज्यों व अगले वर्ष के प्रारंभ में दिल्ली तथा उसके साथ होने वाले राज्यों के विधानसभा चुनावों पर क्या होगा? भाजपा व कांग्रेस दोनों ही दलों के वरिष्ठ नेता इसी चिंतन में व्यस्त है। ?आज की एक और परिपाटी बन गई है वह यह कि जब चुनाव आते है तो वहां राजनीति केंद्रित हो जाती है और परिणामों के असर जैसे कई भविष्यवादी मुद्दों पर चिंतन करती है और फिर %कुर्सी' मिल जाने के बाद सब कुछ भुला देती है।

# हिन्दू पर्वों से इतनी नफरत क्यों और उन पर हमले कब तक?

**मृत्युंजय दीक्षित**

हिंदू पर्वों नवरात्र व विजयादशमी के अवसर पर पश्चिम बंगाल से लेकर उत्तर प्रदेश सहित देश के कुछ अन्य हिस्सों में जिस प्रकार दुर्गा प्रतिमाओं को खंडित करके अपमानित किया गया, मूर्ति विसर्जन में बाधा डाली गई, शोभा यात्राओं पर हमले किये गए उससे निंदनीय कृत्य नहीं हो सकते। इससे भी निंदनीय है मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए एकतरफा विकृत बयानबाजी करके उस हिंसा का बचाव किया जाना। स्वतंत्रता के बाद के इतने वर्षों में हिंदू समाज के लोगों ने कभी भी किसी भी मजहब के पर्वों में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं डाला वरन सदा सहिष्णुता का परिचय देते हुए उनके पर्वो को मनाने में सहयोग ही किया है। इसके विपरीत मुस्लमान कभी भी हिन्दुओं को उल्लास, उत्साह और प्रसन्नता के साथ कोई पर्व मनाने नहीं देते हमेशा पत्थर, बोतल, और बम लेकर हमले के लिए तैयार रहते हैं। ऐसा कब तक चलेगा?



उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद से एक भी बड़ा दंगा नहीं हुआ है, प्रदेश की सशक्त कानून व्यवस्था के कारण ही न केवल योगी सरकार पुन: सत्ता में आई है वरन उसका प्रभाव अन्य प्रान्तों की चुनावी राजनीति पर भी पड़ रहा है। दूसरी तरह कुछ राजनैतिक दल और उनका वोट बैंक हर दिन प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगाडने का प्रयास कते रहते हैं। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के इसी वोट बैंक ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में पूर्व नियोजित रूप से पथराव करके वातावरण बिगाड़ने में कामयाबी पा ली और और निर्दोष राम गोपाल मिश्रा को अपने प्राण गंवाने पड़े।

शांति भंग करने का प्रयास केवल बहराइच में ही नहीं हुआ, विजयादशमी के पूर्व ही समुदाय विशेष ने लखनऊ और आजमगढ़ में देवी प्रतिमाओं को खंडित कर वातावरण बिगाड़ने का प्रयास किया। लखनऊ में प्रतिष्ठित मरी माता मंदिर में देवी प्रतिमा को खंडित किया गया, आजमगढ़ में मां लक्ष्मी की प्रतिमा को खंडित किया गया, गोंडा जिले में दुर्गा पंडाल के बाहर पत्थरबाजी की गई, हरदोई जिले में भी अरजकतत्वों ने नवरात्रि के समय में ही मंदिर में स्थापित देवी की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया जिसके कारण तनाव उत्पन्न हुआ किंतु ग्रामीणों व पुलिस की सतर्कता के कारण बड़ा उपद्रव नहीं हो सका। इसी प्रकार रायबरेली जिले के बछरावां में चंद्रिका देवी मंदिर में रखी चार मूर्तियां अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दीं। इसी प्रकार अंबेडकरनगर के बेताना में और बाराबंकी के कसबा इचौली में विसर्जन जुलूस के दौरान आपत्तिजनक वस्तु फैंकी गई और उपद्रव करने का प्रयास किया गया। आजमगढ़ में दूसरी बार निजामाबाद मे विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे बजाने को लेकर विवाद हो गया। यहां पर 48 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं आगरा के बमरौली कटारा के समोगर घाट पर यमुना में मूर्ति विसर्जन में बाधा डालने के उद्देश्य से धर्म विशेष के दो युवकों ने चौकी प्रभारी मुकेश कुमार पर हमला बोल दिया। उनका गला दबाया और जमीन पर गिराकर पीटा। अतिरिक्त पुलिसकर्मियों के आने पर ही वह किसी प्रकार से बच सके किंतु यहां पर भी लापरवाही के कारण वह दोनों युवक भाग निकलने मे सफल हो गये। बिजनौर जिले में मंदिर से रामचरित मानस को चोरी कर जला दिया गया।

आखिर यह सब मानसिक विकृति नहीं तो और क्या है? नवरात्र और दुर्गापूजा के अवसर पर प्रदेश में जिस प्रकर की घटनाएं घटी हैं यदि विहंगम दृष्टि डाली जाए तो सबका पैटर्न लगभग एक समान है। यह सभी घटनाएं देखने व सुनने में छुटपुट जरूर हैं किंतु इनका उद्देश्य सामूहिक है। केंद्र सरकार ने पीएफआई जैसे कुख्यात संगठनों को प्रतिबंधित अवश्य कर दिया है किंतु ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उनके स्लीपर सेल लगातार अपना कार्य कर रहे हैं।

दुर्गा पूजा, विजयदशमी, रामनवमी, गणेशोत्सव भारतीय संस्कृति और पंरपरा के महत्वपूर्ण पर्व हैं, पहचान हैं हमारी संस्कृति के इनसे या इनको मनाने वालों से किसी को क्या शत्रुता हो सकती है? बहराइच जिले में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक बाईस वर्षीय हिन्दू युवक राम गोपाल मिश्र बलिदान हो गया, मुसलमानों ने अत्यंत क्रूरता से उसकी हत्या कर दी किंतु प्रदेश में मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले इस अवसर पर भी अपने वोट बैंक को साधते दिखाई दिए।

ये मुस्लिम तुष्टिकरण वाले दल पहले सरकार और प्रशासन की विफलता को दोष दे रहे थे और अब जब सख्ती बरती जा रही है तब कह रहे हैं कि प्रदेश सरकार एकतरफा कार्यवाही कर रही है। अब उन्हें केवल योगी का इस्तीफा चाहिए क्योंकि अब पत्थरबाजों के हिसाब किताब का समय है। जब दुर्गापुजा और गणेशोत्सव पर ऐसे ही एकतरफा हमले होंगे तो कभी न कभी हिन्दू समाज का धैर्य भी जवाब देगा, यदि हिन्दू समाज भी ऐसा ही करने लगे तो?

बहराइच की घटना में एक निर्दोष 22 वर्षीय हिंदू युवक की बर्बरता पूर्ण हत्या कर दी जाती है तो मीडिया का एक वर्ग भी अल्पसंख्यकों के पक्ष में मौन धारण कर लेता है लेकिन बाबा सिद्दीकी नाम के अपराधी जो तुष्टिकरण करने वालों की कृपा सफेदपोश हो गया उसके लिए आंसू बहा रहा है। ये यह एकतरफा सेकुलरिज्म अब बहुत दिनों तक चलने वाला नहीं है। दूसरी ओर अब हिंदुओं को भी यह बात समझनी होगी कि अपनी सुरक्षा के लिए आप किसी पर निर्भर नहीं रह सकते, अपने आपको इतना सशक्त बनाना होगा कि कोई भी आपके पर्वों को दु:ख के पर्व में बदलने का दुस्साहस करने के बारे में सोच भी न सके।

# चंद्रमा के पूर्ण स्वरूप का उत्सव शरद पूर्णिमा

हिंदू धर्म में वैसे तो प्रत्येक पूर्णिमा का अपना एक अलग महत्व है और हर पूर्णिमा तिथि को धनदायक तथा शुभ माना जाता है, किन्तु कुछ विशेष पूर्णिमा तिथियों को बेहद शुभ एवं समृद्धशाली माना गया है और इन्हीं पूर्णिमा में से एक है शरद पूर्णिमा। हिन्दू पंचांग में आश्विन मास में आने वाली इस पूर्णिमा का सर्वाधिक महत्व माना गया है, जो 'धनदायक पूर्णिमा' भी मानी जाती है। चंद्रमा जब हर महीने शुक्ल पक्ष की आखिरी तिथि को पूर्ण रूप से आसमान में दिखाई देता है, वह पूर्णिमा तिथि होती है और आश्विन मास की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा पर्व के रूप में मनाया जाता है, जो हिन्दू धर्म में सर्वाधिक धार्मिक महत्व वाली पूर्णिमा मानी जाती है। वैदिक पंचांग के अनुसार इस वर्ष आश्विन शुक्ल की पूर्णिमा तिथि 16 अक्तूबर की रात 8 बजकर 40 मिनट से शुरू होगी और 17 अक्तूबर को शाम 4 बजकर 55 मिनट तक रहेगी। ऐसे में शरद पूर्णिमा का पर्व 16 अक्तूबर को ही मनाया जाएगा। शरद पूर्णिमा वास्तव में एक ऐसा धार्मिक पर्व है, जिसमें चंद्रमा के पूर्ण स्वरूप का उत्सव मनाया जाता है। इसीलिए इस दिन चंद्रमा की पूजा की जाती है। शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की रोशनी धरती को अपने प्रकाश से आलोकित करती है और इसी उजियारे के बीच पूर्णिमा का यह पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस पूर्णिमा पर चंद्रमा से उत्पन्न होने वाली किरणें अद्भुत, स्वास्थ्यप्रद और पुष्टिवर्धक गुणों से भरपूर होती हैं और चंद्रमा की इन रश्मियों से आरोग्य की प्राप्ति भी होती है। प्राचीन भारतीय ग्रंथों में चंद्रमा को 'औषधीश' (औषधियों का स्वामी) कहा गया है। 'चंद्रमा मनसो जात:', यानी चंद्रमा को वेद, पुराण एवं ग्रंथों में मन के तुल्य स्वीकार किया गया है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, 'पुष्णामि चौषधी: सर्वा: सोमो भूत्वा रसात्मक:', यानी मैं ही रसस्वरूप अमृतमय चंद्रमा होकर संपूर्ण औषधियों और वनस्पतियों को पुष्ट करता हूं।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार वर्षभर में केवल शरद पूर्णिमा के ही दिन चंद्रमा सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है अर्थात् चंद्रमा पूरी 16 कलाओं के साथ उदय होते हैं। ये 16 कलाएं हैं अमृत, मनदा, पुष्प, पुष्टि, तुष्टि, धृति, शाशनी, चंद्रिका, कांति, ज्योत्सना, श्री, प्रीति, अंगदा, पूर्ण, पूर्णामृत, प्रतिपदा। भारतीय ज्योतिष शास्त्र के अनुसार प्रत्येक कला मनुष्य की एक विशेषता का प्रतिनिधित्व करती है और इन सभी 16 कलाओं से सम्पूर्ण व्यक्तित्व बनता है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार केवल भगवान श्रीकृष्ण ही सभी सोलह कलाओं से युक्त थे। शरद पूर्णिमा को 'कौमुदी' अर्थात चन्द्र प्रकाश, कोजागरी पूर्णिमा और रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। कोजागर का अर्थ है 'कौन जाग रहा है' और इसके पीछे मान्यता है कि इस रात में जागकर जो श्रद्धालु मां लक्ष्मी की उपासना करते हैं, उन पर लक्ष्मी की कृपा अवश्य होती है। शरद पूर्णिमा पर्व को भगवान श्रीकृष्ण से भी जोड़ा जाता है और इसे रास पूर्णिमा का नाम दिए जाने के पीछे मान्यता यही है कि शरद पूर्णिमा की रात्रि को ही श्रीकृष्ण ने अपनी मुरली की मधुर धुन पर गोपियों के साथ यमुना तट पर महारास नामक दिव्य नृत्य किया था। धर्मशास्त्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने रासोत्सव का यह दिन वास्तव में जगत की भलाई के लिए ही निर्धारित किया था। आज भी रास पूर्णिमा को वृंदावन और बृज में बड़े स्तर पर मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा के ही दिन समुद्र मंथन से धन की देवी मां लक्ष्मी की उत्पत्ति हुई थी, इसीलिए शरद पूर्णिमा को धनदायक भी माना जाता है। मान्यता है कि मां लक्ष्मी इस दिन पृथ्वी पर विचरण करती हैं और जो लोग रात्रि जागरण कर उनका पूजन करते हैं, वे उन पर अपनी कृपा बरसाती हैं और उन्हें धन-वैभव प्रदान करती हैं। ऐसी मान्यता भी है कि शरद पूर्णिमा पर व्रत रखकर रातभर सच्चे हृदय से मां लक्ष्मी का पूजन करने से व्यक्ति की कुंडली में लक्ष्मी योग नहीं होने पर भी अथाह धन एवं वैभव की प्राप्ति होती है। इस दिन मां लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु की भी पूजा अर्चना की जाती है और शिव-पार्वती तथा कार्तिकेय की भी पूजा का विधान है। शास्त्रों में यह उल्लेख भी मिलता है कि लंकाधिपति रावण शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की अमृतमयी किरणों को दर्पण के माध्यम से अपनी नाभि पर ग्रहण कर पुनर्यौवन की शक्ति प्राप्त करता था। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा पृथ्वी के सबसे करीब होता है और ऐसा प्रतीत होता है, जैसे पृथ्वी चंद्रमा की दूधिया रोशनी में नहा गई है।

इस अवसर पर चंद्रमा की विशेष पूजा-अर्चना किए जाने का विधान है और चंद्र देवता को खीर का भोग लगाया जाता है। यह प्रसाद चंद्रमा के सभी सकारात्मक एवं दिव्य गुणों के लिए घर के आंगन में खुले आसमान के नीचे रखा जाता है। दरअसल धार्मिक मान्यताएं हैं कि इस दिन आसमान से अमृत की बूंदों की वर्षा होती है और इस अमृत वर्षा से चंद्रमा की चांदनी में रखी खीर में भी अमृत समा जाता है, जिससे यह खीर अमृत समान हो जाती है, जिसे परिजनों द्वारा सुबह प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार दूध, चीनी तथा चावल चंद्र ग्रह से जुड़े हैं, इसलिए इनमें चंद्रमा का प्रभाव सर्वाधिक रहता है। वैसे शरद पूर्णिमा की रात को चांद की रोशनी में खीर रखने के पीछे वैज्ञानिक कारण भी हैं। शरद पूर्णिमा की रात्रि को खुले आसमान के नीचे रखी जाने वाली खीर का औषधीय के अलावा वैज्ञानिक महत्व भी सिद्ध हो चुका है। दरअसल दूध में प्रचुर मात्रा में लैक्टिक एसिड होता है, जो चंद्रमा की तेज रोशनी में दूध में पहले से मौजूद बैक्टीरिया को और बढ़ाने में सहायक होता है।

# यूपी की नौ विधानसभा सीटों के लिये 13 नवंबर को होगी योगी-अखिलेश की अग्निपरीक्षा

**अजय कुमार**

चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड राज्य के लिये विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही यूपी में रिक्त पड़ी 10 सीटों में से 9 सीटों के लिये भी विधानसभा उपचुनाव का ऐलान कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने 13 नवंबर को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों के साथ ही यूपी की नौ सीटों के लिये भी उप चुनाव कराये जाने की घोषणा की है। यूपी में कटेहरी, सीसामऊ, कुंदरकी, करहल, गाजियाबाद, मीरापुर, फूलपुर, मझवां और खैर विधानसभा की नौ सीटों पर उपचुनाव होना है। एक सीट मिल्कीपुर में अभी चुनाव नहीं कराये जायेंगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी में होने वाले उपचुनाव के लिए 6 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर चुके हैं। वहीं भाजपा ने 9 सीटों को अपने पास रखा है और एक सीट रालोद को दी है। बीजेपी ने अपने प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए हैं पर नाम की घोषणा अभी नहीं की है। वहीं मायावती ने भी उपचुनाव लड़ने का ऐलान किया है पर बसपा से अभी कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं आया है। रिक्त सीटों की बात की जाये तो करहल विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के असेंबली से इस्तीफा देने के कारण उपचुनाव हो रहा है। कन्नौज से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद सपा अध्यक्ष ने संसद लौटने का फैसला लिया था। अखिलेश ने इस सीट पर रिश्ते में अपने भतीजे और लालू यादव के दामाद तेज प्रताप सिंह यादव को एसपी का उम्मीदवार बनाया है।



बीजेपी ने अभी पत्ता नहीं खोला है। उधर, प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा सीट 2009 में आस्तित्व में आई। फूलपुर विधानसभा सीट पर प्रवीण पटेल 2022 में जीते थे। फूलपुर से सपा के सिंबल पर मुस्तफा सिद्दीकी मैदान में हैं। बीजेपी ने अभी प्रत्याशी नहीं उतारा है। यहां 2 बार कुर्मी और एक बार मुस्लिम विधायक चुने गए हैं। वहीं मिर्जापुर की मझवा विधानसभा सीट बीजेपी के चुनाव चिन्ह पर लड़े निषाद पार्टी के विनोद बिंद के इस्तीफा की वजह से रिक्त हुई है। सपा ने पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी ज्योति बिंद को उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी ने अभी इस सीट पर पत्ता नहीं खोला है। जबकि अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से लालजी वर्मा विधायक थे, जो अब अंबेडकरनगर के सांसद बन गए हैं। सपा ने कटेहरी से शोभावती वर्मा को यहां से टिकट दिया है। बीजेपी ने अभी ऐलान नहीं किया है।

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सबसे चर्चित सीटों में से एक है जहां से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अवधेश प्रसाद ने 47.99 फीसदी वोटों के साथ जीत हासिल की थी। अवधेश प्रसाद अब सांसद हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद मिल्कीपुर सीट काफी चर्चा में है। सपा ने मिल्कीपुर से अजीत प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है। मिल्कीपुर सीट पर समाजवादी पार्टी चार बार तो बीजेपी दो बार चुनाव जीती है। वहीं कांग्रेस ने तीन बार जीत दर्ज की है। यहां पासी यादव ब्राह्मण तीन जातियां चुनाव में अहम भूमिका निभाती हैं। दिल्ली से सटी गाजियाबाद विधानसभा सीट पर भाजपा के अतुल गर्ग विधायक थे। वह अब सांसद हो गए हैं। इसके बाद यह सीट खाली हो गई। 2012 में यहां बसपा जीती थी और 2017 में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। पश्चिमी यूपी की मुरादाबाद की मीरापुर विधानसभा सीट पर रालोद तो कब्जा था। यहां चंदन चौहान विधायक थे। उनके सांसद चुने जाने के बाद यह सीट खाली हुई है। 2012 में बसपा तो 2017 में बीजेपी ने यहां जीत दर्ज की थी। यहां जाट और मुसलमानों का प्रभाव ज्यादा है। चुनाव आयोग ने मिल्की पुर सीट के लिए चुनाव की घोषणा नहीं की है। यहां के चुनाव बाद में कराये जायेंगे।

कानपुर नगर की सीसामऊ विधानसभा सीट पर 2022 में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार हाजी इरफान सोलंकी ने जीत हासिल की थी। यहां से सपा ने इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को उम्मीदवार बनाया है। सीसामऊ सीट पर सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी है। अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट भाजपा के विधायक अनूप प्रधान विधायक थे। अनूप सिंह लोकसभा चुनाव जीतकर संसद बन गए हैं। 2012 में या सेट रालोद ने और 2017 ने बीजेपी में जीती थी। इस सीट पर जातीय समीकरण की बात करें तो जाट, ब्राह्मण, दलित और मुसलमान का अच्छा प्रभाव दिखता है। संभल की कुंदरकी विधानसभा सीट पर जियाउल रहमान बर्क विधायक थे। वह संभल लोकसभा सीट से सांसद हो गए हैं। इसके बाद यह सीट खाली हो गई है। सपा इस सीट पर 2012-17 और 2022 में चुनाव में जीत दर्ज कर चुकी है। यह सीट बीजेपी के लिए चुनौती बनी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### 6 लाख रूपया बकाया संपत्तिकर वसूला सन मैरिज पैलेस से



**भिलाईनगर ( समय दर्शन )।** सन मैरिज पैलेस कैलाश नगर कुरूद द्वारा बकाया संपत्तिकर की राशि जमा नहीं की जा रही थी। नोटिस देने के बाद भी जब संपत्तिकर जमा नहीं किया गया। आयुक्त बजरंग दुबे के द्वारा नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 की उपधारा 1 अंतर्गत संपत्तिकर की बकाया राशि 1170240.00 रूपये जमा करने का कुर्की वारंट जारी किया गया था। इसके पूर्व में धारा 174 की उपधारा 1 के अधीन उस पर मांग पत्र दिये गये थे। जिसमें 30 दिन के अंदर राशि चुकाने का नोटिस दिया गया था। सनद रहे कि कुर्की वारंट जारी होने के बाद यदि संपत्तिकरदाता द्वारा राशि जमा नहीं की जाती है, जो चल-अचल संपत्ति के अभिहरण का विक्रय द्वारा या उसके अचल संपत्ति की कुर्की या विक्रय द्वारा वसूल धारा 178 के अंतर्गत कार्यवाही की जाती है। वसूली के समस्त खर्चे भी संपत्तिकरदाता से लिया जाता है। आज कुर्की के लिए जोन के राजस्व अधिकारी जगदीश तिवारी अपने टीम के साथ मैरिज स्थल पर उपस्थित हुए। कुर्की के दौरान सन मैरिज पैलेस के संस्थापक सुब्रत द्वारा पुरी राशि देने में असमर्थता व्यक्त की। 1170240.00 रूपये के एवज में 6 लाख रूपये का चेक दिया गया। शेष राशि जल्दी जमा करने का आश्वासन दिया गया। मजबूरी को देखते हुए कुछ दिनो की मोहलत दी गई। आश्वासन तिथि के अंदर राशि जमा नहीं करने पर पुन: कार्यवाही की जावेगी। कुर्की के दौरान तोड़फोड़ प्रभारी अधिकारी हरिओम गुप्ता, हरि ताम्रकार, गुप्तानंद तिवारी, अरूण सिंह आदि उपस्थित रहे।

### त्योहारी सीजन में बाजार में होने वाली भीड़ और जाम की स्थिति से निपटने निगम व यातायात पुलिस ने कसी कमर

**दीपावली त्योहार नजदीक आते ही बाजार में अब भीड़ बढ़ने लगी,निगम प्रशासन ने किया निरीक्षण**



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत त्योहारी सीजन में बाजार में होने वाली भीड़ और जाम की स्थिति से निपटने निगम व यातायात पुलिस ने कमर कस ली है।निगम अधिकारी व यातायात पुलिस द्वारा इदिरा मार्केट क्षेत्र में निरीक्षण कर सड़क किनारे लगे दुकानों को हटाया गया।यातायात पुलिस कर्मी द्वारा कुआ चौक के करीब बड़े 8 से 10 मोटरसाइकिल को जब्त किया गया।कार्रवाही के दौरान डीएसपी सतीश ठाकुर,राजस्व व अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, सहायक अतिक्रमण प्रभारी योगेश सूरे,कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद,पुलिस निरीक्षक यशपाल ध्रुव सहित छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारीगण मौजूद रहें।शहर के इंदिरा मार्केट के भीतर त्योहारी सीजन में लोग सड़क पर ही पसरा लगाकर कपड़ा,पूजन सामग्री, जूता, चप्पल सहित अन्य तरह का कारोबार करने वालो को चेतवानी दी गई है।सड़क किनारे बाजार के भीतर लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है और यातायात जाम की स्थिति भी निर्मित होती है।इसको ध्यान में रखते हुए कार्रवाही की जा रही है।बाजार के भीतर व्यवस्था बनाने के लिए नगर निगम द्वारा इंदिरा मार्केट स्थित प्रतिमा स्थल और आसपास के क्षेत्र में चूना मार्किंग की गई।कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन में इंदिरा मार्केट में त्योहार के दौरान ट्रैफिक्र जाम जैसी समस्या से निपटने निगम प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनाई गई है,अधिकारियों ने बताया कि इंदिरा मार्केट स्थित प्रतिमा स्थल और आसापस क्षेत्र में सड़क पर चूना मार्किंग की गई है। इससे बाहर लोग दुकान नहीं लगा सकते हैं,अगर चुना मार्किंग के बाहर दुकान लगते पाए जाने पर जब्त की कार्रवाही करेगी। इदिरा मार्केट स्थित चौक के पास कुआं चौक क्षेत्र में भी लोगो को सड़क किनारे पसरा लगाकर कारोबार करने से मना किया गया है।

# बाल विवाह सामाजिक बुराई के साथ कानूनी अपराध : अपर कलेक्टर

**बाल विवाह रोकने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ**

**बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत कार्यक्रम का किया गया आयोजन**



**मुंगेली ( समय दर्शन )।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में ''बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान'' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकने हेतु शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई के साथ कानूनी अपराध भी है। बाल विवाह से जहां बालिकाओं एवं बालकों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है, वहीं बाल अधिकारों का हनन भी होता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत विवाह हेतु बालिका की आयु 18 वर्ष व बालक की आयु 21 वर्ष निर्धारित की गई है। विवाह हेतु निर्धारित उम्र से कम में होने पर बाल विवाह माना जायेगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तारकेश्वर सिन्हा ने बताया कि बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम का उल्लंघन करने पर 02 साल तक के कठोर कारावास या 01 लाख रूपये तक जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह की सूचना परियोजना कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस थाना एवं चाईल्डलाइन 1098 या जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मोबाईल नंबर 7000296589 में दे सकते है। इस दौरान जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकार कपिल कुमार यादव, छविलाल साहू, उमाशंकर कश्यप व अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सेवा सहकारी समिति कलंगपुर में धान खरीदी की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा




**धान उपार्जन केन्द्र में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**बालोद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कलंगपुर में सेवा सहकारी समिति के धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहाँ धान खरीदी हेतु की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्र में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपस्थित उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं श्री राजेन्द्र राठिया ने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र कलंगपुर में आसपास के चार ग्रामों के किसान धान विक्रय हेतु आते है। जिसमें ग्राम कलंगपुर, चारभाठा, खल्लारी और मुंडेरा के 1391 किसान शामिल है। जिनके द्वारा 1519.9 हेक्टेयर में धान की खेती की गई है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी केन्द्र में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। धान खरीदी हेतु बारदाने, किसानों के लिए बैठक, शौचालय, पेयजल आदि की पूरी व्यवस्था है। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने समिति प्रबंधक से कहा कि केन्द्र में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें जिससे धान विक्रय हेतु आने वाले किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो। इस अवसर पर एसडीएम श्री सुरेश साहू मौजूद थे।

# खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच एवं निरीक्षण कार्य सतत जारी

**अक्टूबर माह में अब तक 16 खाद्य नमूना संकलित**

**03 प्रकरणों में एक लाख 10 हजार रुपए दंडित किया गया**



**महासमुंद ( समय दर्शन )।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा रायपुर के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के आदेशानुसार दीपावली पर्व को दृष्टिगत् रखते हुए जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा गुणवता जांच एवं निरीक्षण कार्य सतत जारी है। इसी क्रम में श्रीमती ज्योति भानु, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं श्री शंखनाद भोई, खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र के अन्तर्गत त्यौहारी सीजन में बहुतायत उपयोग होने वाले मिठाईयां एवं अन्य खाद्य पदार्थ चॉकलेट रोल, मगज लडडू, रसगुल्ला, पेड़ा, बूंदीलडडू, पेड़ा, जलेबी, कलांकद, पेड़ा, मलाई कतली, राजभोग आटा, माउथ फेसनर, बिस्किट, गीट्स घी, अनिक घी, तथा चावल के माह अक्टूबर 2024 में आज दिनांक तक कुल 16 खाद्य नमूना संकलित किया गया है। उक्त खाद्य नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी, रायपुर को प्रेषित किए गए है। ज्ञातव्य है कि विगत दो माह में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी, महासमुंद के न्यायालय द्वारा कुल 03 प्रकरणों में कुल 110000 के अर्थदंड से दंडित किया गया है। तथा उक्त फर्म को सचेत किया गया है।

अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री हरिशंकर पैकरा ने बताया कि माह अगस्त एवं सितंबर 2024 में विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 36 नमुना संकलित कर जांच हेतु परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर को प्रेषित किया गया है। जिसमें से 08 के रिपोर्ट प्राप्त हुए है। 02 खाद्य पदार्थ को अवमानक घोषित किया गया है तथा 02 खाद्य पदार्थों के लेबल परीक्षण में मिथ्याछाप पाया गया है।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना के मजदूर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे

**15 सूत्रीय हैं मांगें**



**कवर्धा ( समय दर्शन )।** जिले के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना पंडरिया के मजदूर भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले 15 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। कर्मचारी संघ ने बताया कि धरने के दूसरे दिन भी कारखाना प्रबंधन द्वार कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। जिससे पुरे कारखाने का मेंटनेंस कार्य, आफिस कार्य, गन्ना सर्वेक्षण कार्य, शक्कर वितरण कार्य पूरी तरह से प्रभावित है।

**भारतीय मजदूर संघ की ये है मुख्य मांगे**

1. नवीन भर्ती बंद की जाए वर्तमान में कारखाने में की जा रही नई भर्ती को तत्काल प्रभाव से इसके साथ ही, सत्र 2023-24 में की गई नई भर्तियों को निरस्त करने की बात कही गई है ताकि आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।
2. ठेका श्रमिकों की वापसी विगत वर्षों से कार्यरत सभी ठेका श्रमिकों को सत्र 2024-25 के मैंटनेंस सत्र में तुरंत कार्य पर वापस लाने की मांग की गई है।
3. आई.टी.आई धारित ठेका श्रमिकों का मासिक वेतन प्रबंधन और संघ के बीच एक मौखिक समझौते के अनुसार, आई.टी.आई धारित ठेका श्रमिकों को जुलाई 2024 से एकमुस्त मासिक वेतन दिए जाने की मांग की गई है।
4. अनुभवी श्रमिकों के वेतन में वृद्धि प्रबंधन और संघ के बीच पहले हुए समझौते के तहत, 12वीं पास को 5 साल, 10वीं पास को 7 साल, 8वीं पास को 9 साल और 5वीं पास को 10 साल के अनुभव के आधार पर कुशल दर में वृद्धि की जानी चाहिए। इस समझौते के अनुरूप वेतन वृद्धि की मांग की गई है।
5. योग्यता व अनुभव के आधार पर कुशल दर में कार्यरत् श्रमिकों का उच्चकुशल और एकमुस्त वेतन वृद्धि किया जावे।
6. एकमुस्त मासिक वेतनधारी कर्मचारियों का वेतन संविदा कर्मचारियों से 500 रूपये कम में दिये जाने का आश्वासन दिया गया था अत: संविदा कर्मचारियों के वर्तमान मासिक वेतन दर अनुसार लागू किया जावें।
7. मैंटनेंस सत्र 2024-25 में कार्यरत् समस्त श्रमिकों से कार्य लिया जावें कुछ ठेका श्रमिक सिर्फ पंचिंग करते है जिनका पूर्ण पेमेंट बनता है जिसका भुगतान कारखाना प्रबंधन द्वारा कराया जाता है अन्यथा की स्थिति में भारतीय मजदूर संघ के समस्त श्रमिक अपना पंचिंग करके अपने कार्यस्थल पर बैठे रहेंगे।
8. पेराई सत्र 2022-23 में ठेका श्रमिकों द्वारा किये गये ओव्हर टाईम का भुगतान शीघ्र किया जावें।
9. दिवाली बोनस की राशि को बढ़ाकर 30,000 रूपये सुनिश्चित किया जायें।
10. क्षेत्रसहायकों का वाहन भत्ता बढ़ाया जायें।
11. कारखाना में कार्यरत् समस्त ठेका श्रमिकों का नियमितीकरण किया जावें एवं ठेका प्रथा को समाप्त किया जावें।
12. सत्र 2023-24 में जिस दिनांक को श्रमिक कार्य पर वापस आये थे उसी दिनांक से मेंटनेंस सत्र 2024-25 में जो कर्मचारी पंचिंग किया है उसी दिनांक से उक्त कर्मचारियों का वेतन दिया जावे।
13. शुगर वितरण कार्य में गन्ना विभाग के कर्मचारियों को लिया जावे।
14. समस्त कर्मचारियों श्रमिकों को प्रत्येक माह का वेतन 10 तारीख से पूर्व भुगतान किया जावें।
15. भारतीय मजदूर संघ शक्कर कारखाना पण्डरिया को कारखाना परिसर में कार्यालय हेतु भवन उपलब्ध कराया जाए।

# खोरवली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में 555 समस्या में 501 त्वरित निराकरण

**छोटी छोटी कार्यों के लिए आम लोगों को दफ्तरो का न लगाने पड़े चक्कर, शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक हितग्राहियों को मिले लाभ -कलेक्टर**




**बलौदाबाजार ( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के संकल्पों के अनुरूप भाटापारा विकासखंड के ग्राम खोखली में सातवां जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया शिविर का आयोजन गांव के स्कूल परिसर में किया गया जिसमें स्थानीय नागरिक सहित आस पास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबधित कुल 555 आवदेन प्राप्त हुए जिसमे से 501 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया है। साथ ही बचे हुए 54 आवेदनों को अलग से समय सीमा में दर्ज कराया गया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में हितग्राहियों को मुख्यमंच से योजनाओं से लाभांवित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आवास की चाबी, 5 महिला स्व सहायता समूह को कुल 10 लाख रूपये का ऋण,मत्स्य पालन विभाग द्वारा 1 आईस बाक्स,1 मछली जाल, खाद्य विभाग द्वारा 14 नए राशन कार्ड, 3 को उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 आयुष्मान कार्ड, 15 को सिकलिंग कार्ड, समाज कल्याण विभाग 33 विभिन्न प्रकार के पेंशन हितग्राहियों के स्वीकृत करते हुए प्रदान किया गया है। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 10 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई एवं 10 बच्चों का अन्नप्राशन भाटापारा विधायक इंद्र साव,कलेक्टर दीपक सोनी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य चंद्र प्रकाश साहू गांव के सरपंच दुर्गेश चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य यही है कि शासन-प्रशासन के सभी विभागों को एक जगह उपस्थित होकर आम लोगों की समस्या,जरूरत,मांग को यथा समय समाधान करना है ताकि जरूरतमंद व पात्र हितग्राहियों व जनहित के मुद्दे का निराकरण हो सके। उन्हें छोटी छोटी कार्यों के लिए आम लोगों को दफ्तरो के चक्ककर लगाने की जरूरत ना पड़े एवं शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभांवित किया जा सके.

इसके पूर्व विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में योजनाओं का लाभ प्राप्त करने,किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सम्बंधित विभाग में संपर्क करने का सुझाव संबधित जानकारी दिए। इस दौरान कलेक्टर ने आम नागरिकों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी.कुछ समस्याओं का मौके पर निराकरण किया। कुछ के लिए समय-सीमा निश्चित कर समाधान करने, कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए। विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। शिविर स्थल में जिला प्रशासन द्वारा 35 विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाया गया था जिसमें अपने अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी आमजनों की दी गई.जैसे कृषि विभाग के द्वारा संचालित कृषक हितैषी योजनाओं का बताया गया लाभ व राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत कृषकों को खाद-बीजों का वितरण किया गया, स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राहियों के मेडिकल टेस्ट कर उन्हें बुखार, उल्टी- दस्त, पेट-दर्द, हीमोग्लोबिन,शुगर जैसी दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड के कुल 32 नए फार्म भरे गए व 15 आयुष्मान कार्ड धारकों को तुरन्त आयुष्मान कार्ड मुहईया करवाया गया,शिविर में ग्रामीणों की सिकलसेल 35 जांच किये व 15 सिकल सेल कार्डों का वितरण त्वरित किया गया। शिविर में पहुंचे भाटापारा नगर निवासी पूजा कुमारी यादव ने अपनी आय जाति एवं निवास हेतु आवदेन किया जिस पर उन्हे तत्काल प्रमाण पत्र बनाकर मुहैया कराया गया। तत्काल प्रमाण पत्र मिलने पर उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है. इसी तरह 32 वर्षीय लता बाई निर्मलकर एवं 31 वर्षीय मनीष मिरी को आयुष्मान कार्ड मिलने पर प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा की अब इलाज के लिए पैसों की चिंता नही सताएंगी.इसी तरह ग्राम खोखली निवासी ईश्वर प्रसाद साहू को नया किसान किताब मुहैया कराया गया। उन्होंने किसान किताब मिलने पर जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल, एसडीएम नितीन तिवारी,जनपद सीईओ सत्यव्रत तिवारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी गण,कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भास्कर ने दिलायी भाजपा अभियान में 30011 लोगों की सदस्यता




**सरायपाली (समय दर्शन)।** सदस्यता नहीं शपथ है ये राष्ट्र निर्माण में एक कर्तव्य है ये साथ आयेदेश बनायें। भाजपा सदस्यता अभियान महापर्व 2024 के लिए सरायपाली जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी भास्कर जी ने 30011 लोगों को अपने रेफ्रल कोड से सदस्यता दिलायी साथ ही उन्?हें विश्व की सबसे मजबूत पार्टी का परिवार बनाने के लिए अपने रेफ्रल कोड से जुड़े सभी माताओँ बहनों भाइयों को सद्स्यता अभियान में सहयोग करने के लिए सभी सहयोगी मित्रजनों और शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ सहित हृदय से आभार व्यक्त किये ।

### नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रथ हुआ रवाना

#### जिले के विभिन्न विकासखण्डों में जागरूकता रथ द्वारा भ्रमण कर नशामुक्ति के प्रति किया जाएगा जागरूक




**बालोद (समय दर्शन)।** कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से जागरूकता रथ को रवाना किया है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री अजय गेदाम ने बताया कि उक्त वाहन के माध्यम से जिले के विभिन्न विकासखण्डों में भ्रमण कर लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वाहन में नशा पीड़ितों हेतु नशामुक्ति केन्द्र के संबंध में भी जानकारी प्रसारित की गई है। कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में नशामुक्ति अभियान का बेहतर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।

### गंज मंडी काम्प्लेक्स की दुकानों के लिए दस्तावेज जमा के साथ अतिशीघ्र प्रीमियम जमा करें



**दुर्ग (समय दर्शन)।** गंज मंडी के दुकानों का आबंटन शुरू कर दिया गया है। दुकानों का टेंडर पश्चात् प्रीमियम राशि जमा करने पत्र भेजा गया है,नगर पालिक निगम द्वारा अपील कर कहा कि किसी को पत्र नहीं मिला हो तो निगम में संपर्क करें एवं अतिशीघ्र प्रीमियम जमा करें,बता दे कि गंज मंडी में सी मार्ट 6 दुकानों में खोला गया है।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि साहिल हुसैन,सुखलाल चक्रधारी,धनश्री भानुशाली,मो. वसीम,डॉ ममता राय,मनोज गुप्ता, मनोज शर्मा,हर्ष जैन,मुरली शर्मा,कालीकृष्ण यादव,लक्ष्मी कांत राजपूत,गोपी शर्मा,भुनेश्वर परासर, शशि सोनी,शब्बीर चौहान, कुमारी मोहनी राखोडे ,अशोक राखोडे ,अंकित मनहरे,भारती छाजड़े जैन,लिनादेवी जैन,प्रीति जैन के अलावा राजू लाल साहू शामिल है। सभी नगर कार्यालय में पहुँचकर अपना आबंटन हेतु प्रीमियम अतिशीघ्र जमा करें।

# नजूल सीट नंबर 1 करोड़ का काला धन, आयकर विभाग क्यों नहीं लेता संज्ञान



**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** नजर से नंबर 1, प्लॉट नंबर 2-3 में कुल मिलकर भू स्वामी भूपेंद्र तमस्कर पिता कृष्णा राव तमस्कर निवासी चांटापारा के नाम पर 92920 स्क्वायर फीट जमीन है, और यह लीज की जमीन है। तहसीलदार नजूल ने कलेक्टर के निर्देश पर सिविल लाइन थाने में इस जमीन को 54 टुकड़ों में बगैर किसी सक्षम अनुज्ञा के निजी संपत्ति लिखकर बचने के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराई। भूपेंद्र तमस्कर और राजेश कुमार अग्रवाल निवासी अग्रसेन भवन के पास जूनी लाइन के विरुद्ध 420, 34 का अपराध दर्ज हुआ है।

बिलासपुर कलेक्टर जिस तरह अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहे हैं वह सराहनीय है। चांटापारा घोषित रूप से आरएसएस के फॉलोअर का गढ़ है। तमस्कर और राजेश अग्रवाल के मध्य एफआईआर के अनुसार 10 अक्टूबर 2020 को इकरारनामा हुआ। भू स्वामी ने अपनी जमीन 13 करोड़ में बिक्री करना स्वीकार किया। सूत्र बताते हैं कि यह अवैध प्लाटिंग 2700 रुपए स्क्वायर फीट की दर पर बेची गई। प्लांट का कोई भी टुकड़ा 1200 स्क्वायर फीट से काम का नहीं है। ऑनलाइन संधारण खसरा के आदेश ने इस टुकड़े की रजिस्ट्री को आसान बना दिया है। इस प्रकरण में उल्लेखनीय बात यह है कि 54 रजिस्ट्री में से आधे का नामांतरण नहीं हुआ, नामांतरण प्रकरण खारिज कर दिए गए जो नामांतरण हुए हैं वे भी कैसे हो गए किसी दबाव में हुए उसकी अलग कहानी है। मौके पर एक मकान भी बन रहा है जानकारी लेने पर पता चला कि क्रेता लोक सेवा केंद्र का जिम्मेदार व्यक्ति है। शायद उसे विश्वास रहा होगा कि वह अवैध कॉलोनी के टुकड़े को मैनेज कर लेगा।

2700 रुपया स्क्वायर फीट प्लाट भी 32 लाख का होता है। यह संभव ही नहीं की बगैर बैंक लोन के इस अवैध कॉलोनी में प्लाटों की बिक्री हो गई हो। इस तरह अब बैंक का करोड़ों रुपए भी इस कॉलोनी में फंस गया है। आज नहीं तो कल कोई न कोई रजिस्ट्रीकर्ता जब बैंक डिफाल्ट होगा तब यह घोटाला फिर से बाहर निकलेगा। वैसे 13 करोड़ में कुल जमीन खरीदी गई अर्थ यह हुआ कि प्रति स्क्वायर फीट की दर या 1413 होती है। और बिक्री मूल्य 2700 रुपए है इस दोनों का अंतर 1287 रुपए आता है। 287 रुपया डेवलपमेंट कॉस्ट निकल भी दिया जाए तो न्यूनतम ?1000 प्रति स्क्वायर फीट दो नंबर का धन इस खेल में जनरेट हुआ। मोटे तौर पर काम से कम 7 करोड रुपए दो नंबर का खेल है। ऐसे में आयकर विभाग को भी संज्ञान लेना चाहिए और भू स्वामी क्रेता 54 रजिस्ट्री में एक चर्चित दलाल के खातों की जांच होनी चाहिए।

बिलासपुर में जमीन घोटाले शहर का डीएनए बन गए और इनका शुद्धिकरण बेहद जरूरी है। सरकार चाहे किसी राजनीतिक दल की हो जमीन के दलाल और सब कुछ बुझते हुए जमीन बेचने वाला निर्दोष तो नहीं कहा जा सकता।

## ब्राउन शुगर तस्करी के मुख्य सरगना को उत्तर प्रदेश राज्य से गिरफ्तार करने में मुंगेली पुलिस को मिली बड़ी सफलता




### अन्तर्राज्यीय नशा तस्कर के मुख्य सरगना उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से गिरफ्तार

### ब्राउन शुगर के खिलाफमुंगेली पुलिस की end-to-end कार्यवाही

### मुख्य सरगना प्रमोद शर्मा तस्करों के मध्य गुरूजी के नाम से था मशहुर

**मुंगेली// समय दर्शन।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नशे के अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देश के परिपालन में पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर संजीव शुक्ला (भापुसे) के दिशा-निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भापुसे) के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के पर्यवेक्षण में दिनांक 13-10-2024 को जिले के साइबर सेल की टीम एवं थाना जरहागांव को मुखबीर के जरिये सूचना प्राप्त हुई थी कि सफेद रंग के अर्टिगा वाहन में कुछ व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी करते हुये मुंगेली की तरफ आने वाले हैं। सूचना प्राप्त होने पर घेराबंदी कर 05 आरोपियों से 46 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर को जो उत्तर प्रदेश राज्य के बनारस से लाये थे बरामद कर अपचारी बालक सहित 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया था।

पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा अपने गैंग से मुख्य सरगना प्रमोद शर्मा उर्फ पप्पू महराज पिता ओंकार नाथ शर्मा उम्र 64 साल निवासी लोधीपुर, थाना जमानिया जिला गाजीपुर उत्तरप्रदेश को बताये। इस महत्वपूर्ण जानकारी पर तत्काल पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निरीक्षक संजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में एक टीम मुख्य आरोपी की तलाश में बनारस उत्तर प्रदेश रवाना किया गया। टीम द्वारा आरोपियों द्वारा बताये गये पते पर रेड कार्यवाही की गई। जिसमें गैंग का मुख्य सरगना प्रमोद शर्मा को पूछताछ के लिये घेराबंदी कर पकड़ा गया।

मुख्य सरगना को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिये मुंगेली लाया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा गैंग ऑपरेट करना कबूल किया तथा बताया कि पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से अवैध ब्राउन शुगर का तस्करी मेरे नेतृत्व में कराया जाता रहा है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग जिले जैसे बिलासपुर, जांजगीर-चाम्पा में भी ब्राउन शुगर की तस्करी करना भी आरोपी द्वारा अपराध कबूल करने पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता।


उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली मुंगेली संजय सिंह राजपूत थाना प्रभारी जरहागांव उप निरीक्षक सुशील बंछोर, सउनि अफरोज अली, आरक्षक हेमसिंह ठाकुर थाना जरहागांव, साइबर सेल टीम से प्रधान आरक्षक मनीष सिंह ठाकुर, रवि कुमार जांगड़े, यषवंत डाहिरे, आरक्षक अब्दुल रियाज, रामकिशोर कश्यप, भेसज पाण्डेकर, महेन्द्र सिंह ठाकुर, राकेश बंजारे, राजू साहू, गिरीराज सिंह का विशेष योगदान रहा।

## केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं आवास एवं शहरी विकास तोखन साहू द्वारा भटगांव पंथी पार्टी को किया सम्मान पत्र से सम्मानित



**मुंगेली// समय दर्शन।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के जन्म दिन के अवसर पर कार्यक्रम में लोक सांस्कृतिक खेल एवं मानव कल्याण समिति पंथी पार्टी भटगांव जिला मुंगेली छत्तीसगढ एवं संयुक्त शिक्षक संघ मुंगेली के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जडेजा द्वारा माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को कुंदन पैलेस बिलासपुर के मुख्य गेट से पंथी नृत्य से स्वागत करते हुए मंच तक स्वागत किया गया जन्म दिवस सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के द्वारा सहपारिवार केक काटने के पश्चात बिलासपुर लोकसभा के समस्त कार्यकर्ताओं सभी वर्गो के सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा जन्म दिवस की बधाई देने के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लक्ष्मी कांत जड़ेजा अध्यक्ष लोक सांस्कृतिक खेल एवं मानव कल्याण समिती पंथी पार्टी भटगांव जिला मुंगेली छत्तीसगढ की मनमोहक पंथी नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया कुंदन पैलेस जन्मोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने आनंद मय लेते हुए खूब तालिया बजाई पंथी नृत्य की खूब सराहना किया संयुक्त शिक्षक संघ की ओर से भी माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को जन्म दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने लक्ष्मी कांत जड़ेजा अध्यक्ष लोक सांस्कृतिक खेल एवं मानव कल्याण समिती पंथी पार्टी भटगांव जिला मुंगेली छत्तीसगढ को जन्म दिवस कार्यक्रम में पंथी नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया लक्ष्मी कांत जड़ेजा , चूड़ामणि कौशिक , फूलचंद ओगरे , जनक प्रसाद ओगरे , दुखलाल ओगरे , पप्पू ओगरे , बिरजू मोहले सभी पंथी कलाकार जन्म दिवस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

## ओबीसी के नाम पर करते हैं राजनीति और उन्हें ही देते हैं धोखा




**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** पूरे देश के साथ ही छत्तीसगढ़ की राशन दुकानों और आंगनबाड़ी केंद्र पर जो चावल मिलता है उसमें कई पोषक तत्व मिलाए जाते हैं इसे फोर्टिफाइड चावल कहते हैं। मुख्य पोषक तत्व आयरन यही आयरन सिकल सेल, थैलेसीमिया और एनीमिया मरीज के लिए बड़ा नुकसानदायक है।

सर्वोच्च न्यायालय ने इस संदर्भ में 2023 में एक आदेश जारी किया कि सिकल सेल, थैलेसीमिया, एनीमिया से पीड़ित इस चावल का उपयोग न करें। छत्तीसगढ़ की कुल जनसंख्या जनगणना ना होने पर 3.15 करोड़ के लगभग मानी जाती है। विशेषज्ञ बताते हैं कि इसमें से 52त्न ओबीसी वर्ग है और ओबीसी का 10त्न सिकल सेल से पीड़ित है। इतने बड़े आईडेंटिफाई बीमार नागरिकों के साथ प्रशासन और शासन कितना बड़ा धोखा कर रही है। राशन दुकानों पर आया हुआ चावल की किसी भी बोरी पर कभी भी यह चेतावनी नहीं लिखी जाती इतना ही नहीं करोड़ों रुपए का विज्ञापन बजट खर्च करके वजन तिहार जैसे अभियान चलाने वाला विभाग ना तो बैनर पोस्टर पर और ना ही सार्वजनिक सभा में इस बात को करता है। की आयरन युक्त चावल खाने से सिकल सेल, एनीमिया और थैलेसीमिया पीड़ित लोगों को लिवर, सिरोसिस, हृदय की नाकामी, डायबिटीज, जनन ग्रंथियों में दिक्कत, विलंबित यौवन आरंभ प्रारंभ जैसी दिक्कतें होती है।

फोर्टिफाईड चावल के लाभ बताता है दूसरी ओर राज्य के लाखों सिकल सेल पीड़ितों को यह जानकारी ही नहीं दे रहा की फोर्टिफाईड चावल उपयोग करने से उन्हें कौन-कौन सा रोग हो सकता है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के 90 विधायकों में से ओबीसी विधायकों की संख्या एक दर्जन से अधिक होगी। सरकार की कैबिनेट में पर्याप्त ओबीसी मंत्री हैं किसी ने कभी भी इस संदर्भ में ना तो कोई प्रश्न किया ना ही सार्वजनिक रूप से चर्चा की क्या सरकार का निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का ओबीसी प्रेम सिर्फ दिखावा है।

# जमगहन उपार्जन केंद्र में फर्जी पंजीयन... किसान को 4 लाख बेजा लाभ




**सारंगढ़ बिलाईगढ़ योगेश कुर्रे ( समय दर्शन ) ।** फर्जी धान खरीदी को लेकर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला खूब सुर्खियां मे रहा जहा लाखो करोडो का फर्जी पंजीयन व धान खरीदी कर घोटाला को अंजाम दिया गया ऐसा ही एक मामला भटगांव विकाशखण्ड के जमगहन धान खरीदी केंद्र मे हुआ फर्जीवाडा निजी जमीन के साथ संस्था की जमीन पंजीयन किया गया और साथ ही कृषक उन्नति योजना के तहत 4 लाख रुपये से अधिक की राशि का बेजा लाभ उठाया गया साल 2023 ङ्क24 को प्रेम भुवन प्रताप स्कूल की लगभग 7 हेक्टेयर से अधिक जमीन का फर्जी पंजीयन किया गया और छत्तीसगढ़ सरकार को खूब चुना लगाया गया इस फर्जी को अंजाम किसने दिया किसान पंजीयन की प्रक्रिया धान खरीदी /उपार्जन केंद्र सोसायटी मॉडुल मे किया जाता है या तो फिर तहसील मॉडुल आखिर कौन हैँ इसका फर्जी पंजीयन मास्टरमाइंड यह भी अब जाँच का विषय हैँ ?

**फर्जी पंजीयन और खरीदी रोकने जिला प्रशासन देते रहे कड़े निर्देश और होता रहा फर्जी पंजीयन :** फर्जी पंजीयन और खरीदी मामले को लेकर सरकार ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिया गया था जिसमे सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला प्रशासन लगातार कई मीटिंग कर साफ तौर पर कड़े निर्देश दिए गए थे जिसमे फर्जी पंजीयन को रोकना उनका प्राथमिकता था किंतु फर्जी खरीदी पर अंकुश लगाने का भरसक प्रयास किया गया लेकिन उसके बाद भी जमगहन समिति में फर्जी पंजीयन किया गया और उसमे बकायदा धान भी खरीदी कर लिया गया जबकि साफतौर पर यह भी निर्देश हैँ की अगर कही से कोई फर्जी पंजीयन अगर हो जाता है तो उसमे खरीदी रोक देने की बात कही जा रही थी लेकिन समिति से लेकर तहसील तक सेटिंग लोडिंग की दम पर फर्जीवाडा को अंजाम दिया गया होगा ?

**फर्जी पंजीयन के बारे में प्रबन्धक ने कहा –** कि हमारे जमगहन समिति से पंजीयन नहीं हुआ है तहसील के मॉड्यूल से पंजीयन हुआ है और भला मैं कैसे तहसीलदार साहब के आदेश का उल्लंघन कैसे कर सकता हु तहसीलदार के आदेश अनुसार धान खरीदी हमारे द्वारा किया गया है प्रबंधक ने यह भी कहा कि जब मुझे पता चला तो खरीदी रोक दिया गया था लेकिन साहब ने आदेश किया तो करना पड़ा वही सवाल यह भी पूछा गया कि आखिर क्या प्रेम भुवन स्कूल भूमि को जिसके नाम से पंजीयन किया गया है उस किसान को कृषि उन्नत योजना के तहत लाभ दिया जा सकता है कि नही तो जबाब में साफ कहा की नही मिल सकता है

**तहसीलदार साहब ने किया पंजीयन फर्जी या सही जांच का विषय :** इस सम्बंध में जब जानकारी निकाली गई तो पता चला कि अर्पण कुर्रे तहसीलदार थे उनसे भी दूरभाष के माध्यम से जानकारी ली गई तो उनका सौफ तौर पर कहना था कि जिस तरह से पहले पंजीयन किया गया वैसे ही हमने किया जो भी किसान ने दस्तावेज दिया उसी के आधार पर किया गया तहसीलदार साहब ने कोई फर्जी नही हुआ बताया गया और हुआ है तो जांच करा लें अगर पंजीयन सही है तो आखिर किसान को फिर कैसे कृषक उन्नति राशि प्रदान किया गया किस नियम के तहत किया गया ये सबसे बड़ा सवाल है फिलहाल जांच का विषय है लेकिन देखा जाए तो फर्जी धान पंजीयन कर किसान दरस राम साहू को बेजा लाभ दिलवाया गया है इस बात को भी नकारा नही जा सकता अब ये बहुत बड़ा सवाल उठता है कि तहसीलदार साहब स्कूली भूमि को फर्जी पंजीयन कैसे कर सकते है सरकार को अंधेरे में रख कर यू कहे कि साफ तौर पर चुना लगाया गया है लाखो रुपया का किसान धान बिक्री कर उन्नत कृषि योजना के तहत लाखो रुपया का बेजा लाभ मिल गया अब समाचार प्रकाशित होने के बाद देखना होगा कि जिले के कलेक्टर साहब क्या संज्ञान लेते है क्या किसान को मिली कृषि उन्नत योजना के तहत मिली लाखो रुपया की राशि शासन वापस लेगी और फिर फर्जी धान पंजीयन को लेकर जांच कर फर्जी करने वाले जिम्मेदार अधिकारीयो ऊपर कार्यवाही होगा ?

# सड़कों में आवारा मवेशियों के रोकथाम हेतु ग्रामीणों की बैठक आयोजित

### श्यामनगर एवं सुरसाबांधा में पशु पालकों एवं ग्रामीणों को आवारा पशु रोकथाम की दी गई जानकारी

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार सड़कों से आवारा मवेशियों के रोकथाम के लिए आज ग्राम पंचायत श्यामनगर और सुरसाबांधा में पशुपालकों, ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आवारा मवेशियों के सड़कों में घुमने से होने वाले दुर्घटनाओं की जानकारी देकर उनके रोकथाम के लिए आवश्यक पहल करने के संबंध में चर्चा की गई।बैठक में पशुपालकों एवं ग्रामीणों को घरेलु एवं पालतु पशुओं की लिस्टिंग,अलग-अलग कलर कोडिंग, जुर्माना और आवारा पशु के रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।साथ ही जानबुझकर सड़कों में आवारा मवेशी छोड़ने वाले पशु मालिकों के खिलाफ होने वाले जुर्माने की कार्यवाही के बारे में अवगत



कराया गया। बैठक में पशु मालिकों को समझाईश दी गई कि अपने मवेशियों को सड़कों में खुला न छोड़े। सड़कों में खुले मवेशी घुमने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इसलिए पशुओं के रोकथाम के लिए आवश्यक पहल करे। बैठक में आवारा पशुओं के नियंत्रण के लिए बनाये गये संयुक्त दल के सदस्यगण भी शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पशुओं के कारण होने वाले सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए पशुओं को सड़कों को हटाने विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये है।उन्होंने नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत में जाकर आमजनों तथा पशुपालकों की बैठक लेकर उन्हें आवारा एवं पालतु पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में जानकारी देकर अवगत कराने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये है। साथ ही पशुओं को सड़क पर नहीं छोड़ने के संबंध में जागरूक करने तथा किसी पशु मालिक द्वारा उक्त आदेश का पालन नहीं किये जाने पर वैधानिक कार्यवाही के संबंध में भी ग्रामीणों को अवगत कराने के निर्देश दिये है। इसी तारतम्य में ग्रामीणों की बैठक लेकर आवारा मवेशियों के रोकथाम के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

## खबर-खास

# कलेक्टर ने जिले के पेट्रोल पम्पों में स्थित शौचालयों को उपयोग योग्य एवं साफसुथरा रखने के दिये निर्देश



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले के सभी पेट्रोल पम्पों में जन सुविधा के उपयोग हेतु टायलेट के साफ-सफाई व रख-रखाव सुनिश्चित करने पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देशित किया है। उन्होंने पेट्रोल पंपों में शौचालयों एवं पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये है।इस संबंध में जिला खाद्य विभाग की ओर से पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश जारी किये जा चुके है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में गरियाबंद जिले में 35 पेट्रोल पम्प संचालित है।सभी पेट्रोल पम्प में टायलेट उपलब्ध है।प्रायः यह देखा गया है कि पेट्रोल पम्पों में स्थापित पब्लिक टायलेट या तो गंदे, अव्यवस्थित प्रकाश विहीन या फिर ताले लगे हुए पाये जाते है।ऐसे में आने जाने वाले राहगीर एवं ग्राहक मूलभूत सुविधाओं के लाभ से वंचित रह जाते है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने निर्देशित किया है कि जिले के सभी पट्रोल पम्पों में स्थित पब्लिक टायलेट साफसुथरे एवं आम नागरिकों के उपयोग हेतु खुले हुए रहने चाहिए। ऐसा ना होने पर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही संस्थित की जाएगी।खाद्य अधिकारी ने बताया कि पम्प संचालकों को पब्लिक टायलेट के रख-रखाव एवं मूलभूत सुविधा दुरूस्त रखने के लिए सभी संचालकों को लिखित निर्देश जारी कर दिया गया है।

# अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** पुलिस विभाग के पेट्रोलिंग टीम के द्वारा शराब तस्करी कर रहे एक आरोपी को सात लिटर अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।घटना के विषय में सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार के सुबह कोतवाली प्रभारी ओमप्रकाश यादव को मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर जा रहा है।इस जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी ओमप्रकाश यादव द्वारा कोतवाली से एएसआई टिकाराम ध्रुव प्रधान आरक्षक डीगेश्वर साहू,प्रदीप सिंहा, रामकृष्ण साहू,आरक्षक योगेश सिंग और मुरारी यादव की टीम बनाकर कर सूचना स्थल पर भेजा गया,जहा कांटी दादर निवासी राज कुमार नेताम के द्वारा सात लिटर अवैध महुआ शराब लेजाते जंगल में पकड़ा गया।पकड़े गए उक्त अवैध शराब के साथ आरोपी को थाना लेकर आए और आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 ( 2 ) कायम करते हुए जेल भेजा गया।

# लापता नाबालिग बच्चे को गरियाबंद पुलिस ने किया दो घंटे में बरामद




**गरियाबंद (समय दर्शन)।** बीते बुधवार के रात को स्कूल में पढ़ने वाला एक नाबालिग बच्चे को दो घंटे में गरियाबंद पुलिस ने ढूंढ कर बच्चे को परिजनों के हवाले किया।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार के देर रात को सिटी कोतवाली में लगभग ग्यारह बजे स्कूल में पढ़ने वाले नाबालिग बच्चे की गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बच्चे के मामा ने बताया की उक्त लापता बच्चा जो महासमुंद जिले के बागबाहरा के समीप एक ग्राम का रहने वाला है जो अप्रैल माह से यही रहकर पढ़ाई कर रहा है,जो बुधवार के शाम को चार बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद भी रात तक घर नहीं पहुंचा जिससे परेशान मामा परिवार बच्चे को तलाश उसके चित परिचित में करने से भी नही मिलने पर सिटी कोतवाली से रिपोर्ट दर्ज कराने आए है।चुकी लापता बच्चा स्कूल में पढ़ता था साथ ही नाबालिग भी था,इस घटना पर 137 ( 2 ) भारतीय न्याय संहिता अपराध क्रमांक 327 / 2024 कायम करते हुए इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के साथ अन्य अधिकारियों और पुलिस विभाग के साइबर विभाग को दिया गया।जिसके चलते मामला को गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश में कोतवाली प्रभारी ओमप्रकाश यादव के द्वारा कोतवाली से एएसआई टीकाराम ध्रुव प्रधान आरक्षक कुंदन जगने,कृष्ण भूषण चंद्राकर के साथ पेट्रोलिंग टीम को लापता बच्चे की तलाश में लगाया गया।उनके द्वारा लापता बच्चे की जानकारी जिले के अन्य थानों के साथ नजदीक के जिले में भेज कर बच्चे की तलाश प्रारंभ किए।इसी पतातलश के दौरान रात एक बजे छुरा पुलिस को छुरा के बजरंग चौक में एक बच्चे को देखा गया और बच्चे की पहचान उसी लापता बच्चे के रूप में करते हुए बच्चे को थाना लेकर आए ,तब बच्चे ने बताया की वो बुधवार के शाम को वापस अपने गृह ग्राम जाने के लिए छुरा बस से छुरा पहुंच गया,लेकिन आगे की बस न मिलने की वजह से वो वही रात को भटकता रहा और नगर में एकांत होने के चलते रात को छुरा के बजरंग चौक में जाकर बैठ गया, जिससे पुलिस की नजर उस बच्चे पर पड़ी और उसे गरियाबंद लाकर उसके परिजनों के सुपुर्द किए।

# खुटेरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन में जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम खुटेरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत गांव में मतदाता जागरूकता रैली, शपथ ग्रहण एवं जागव वोटर जाबो कार्यक्रम आयोजित कर प्रचार प्रसार किया गया। इसके माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।ग्रामीणों ने मतदान एवं चुनावी प्रक्रियाओं से अवगत होकर अन्य लोगों को




भी निर्वाचन के समय मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।मतदाता रैली के दौरान ग्रामीणों ने मतदान को प्रेरित करने वाले विभिन्न प्रकार के श्लोगन एवं नारों से ग्रामीणों को जागरूक किया। साथ ही युवा वर्गो को भी मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की।

# बिहार राज्य के सहकारिता, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार रहे जिले के प्रवास पर

### गरियाबंद वनमण्डल अंतर्गत पीव्हीटीजी वनधन केन्द्र केशोडार का किया भ्रमण

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** बिहार राज्य के सहकारिता, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ.प्रेम कुमार गरियाबंद जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहे।उन्होंने गरियाबंद वनमण्डल अंतर्गत ग्राम केशोडार में स्थापित पीव्हीटीजी वनधन केन्द्र केशोडार का निरीक्षण किया।उन्होंने केशोडार में स्थापित वनौषधि प्रसंस्करण केन्द्र का अवलोकन किया। यहां पर 21 औषधियों का निर्माण किया जाता है। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने स्वयं वनौषधि निर्माण करते हुए देखा एवं समूह के सदस्यों के साथ बैठक किया।इस दौरान उन्होंने समूह के सदस्यों से गतिविधियों के बारे में जानकारी



ली।समूह के सदस्यो के द्वारा अवगत कराया गया कि उनके स्वयं के ग्राम में वनौषधि प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित होने से समूह को रोजगार की तलाश में कहीं जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।समूह के सदस्यो को सालभर प्रसंस्करण केन्द्र में रोजगार प्राप्त होते रहता है। समूह के द्वारा माह अगस्त 2024 में आयुष विभाग द्वारा आदेशित सतावरी चूर्ण निर्माण कर आयुष विभाग को 50 लाख रूपये की औषधि विक्रय किया गया है।

समूह के द्वारा किए जा रहे वनोषधी प्रसंस्करण अंतर्गत हो रहे लाभ से मंत्री काफी खुश हुए।उन्होंने कहा कि बिहार में भी स्थानीय महिला स्व-सहातया समूह, स्थानीय ग्रामीणो हेतु योजना तैयार कर बिहार में उपलब्ध वन संसाधनो का सही उपयोग किया जायेगा।

इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने अवगत कराया कि वनमंत्री छग शासन के दिए निर्देशो के पालन करते हुए बिहार से आए मंत्री प्रेम कुमार को वनौषधी प्रसंस्करण केन्द्र के अतिरिक्त वनमण्डल के अन्य गतिविधियों से अवगत कराया गया।उक्त भ्रमण कार्यक्रम में बिहार सरकार से आए अधिकारी,कार्यकारी संचालक छ.ग.राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित रायपुर मणीवासगन,उप प्रबंध संचालक जिला युनियन अतुल श्रीवास्तव,वन परिक्षेत्र अधिकारी,फिंगेश्वर,छुरा,नवागढ़ एवं धवलपुर एवं वनौषधि प्रसंस्करण केन्द्र के महिला स्व-सहायता समूह के अध्यक्ष,सदस्य एवं वन अमला उपस्थित रहें।

# कृषि स्थायी समिति की बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा




**दुर्ग (समय दर्शन)।** जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति की बैठक का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में श्रीमती योगिता चंद्राकर, सभापति जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति एवं विशेष अतिथि श्रीमती पुष्पा यादव जिला पंचायत अध्यक्ष, श्रीमती लक्ष्मी यशवंत साहू सदस्य कृषि स्थायी समिति व श्री अशोक साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। श्रीमती पूजा कश्यप साहू, उप संचालक उद्यान सह सदस्य सचिव कृषि स्थायी समिति द्वारा सभापति की अनुमति से विभागीय योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें वर्ष 2024-25 के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग में संचालित राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना घटक सब्जी क्षेत्र विस्तार, फल क्षेत्र विस्तार, संरक्षित खेती अंतर्गत ग्रीन हाऊस, शेडनेट हाऊस व माली प्रशिक्षण एवं राज्य पोषित योजना घटक नदी कछार, सामुदायिक फेंसिंग, पोषण बाड़ी इत्यादि योजनाओं का भौतिक/ वित्तीय लक्ष्य पूर्ति पर चर्चा किया गया। श्री विकास साहू, सहायक संचालक कृषि द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदाय की। श्री अशोक साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा श्री एस. के. बेहरा, बीज प्रबंधक, छ.ग. राज्य बीज निगम को सभी समितियों में मांग अनुरूप तिवड़ा, गेंहू, चना, सरसों बीज की भंडारण संबंधी निर्देश दिये गये। डॉ. एस.पी. सिंह, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही जिले में दुग्ध संग्रहण हेतु मिल्क कॉपरेटिव सोसायटी की गठन संबंधी चर्चा की गई। श्रीमती सीमा चंद्रवंशी, उप संचालक उद्यान मत्स्य विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें मछुआ प्रशिक्षण, मत्स्य पालन प्रसार, मत्स्य बीज उत्पादन, स्वयं की भूमि में तालाब निर्माण, किसान क्रेडिट कार्ड, जाल एवं आईस बॉक्स वितरण व अन्य योजना के भौतिक वित्तीय लक्ष्य पूर्ति पर चर्चा किया गया। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित द्वारा मत्स्य पालन, गौ पालन एवं उद्यानिकी हेतु लघु एवं सीमांत कृषकों को जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी दी गई।

# जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में 7 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ, कलेक्टर ने भी किया रक्तदान




**दुर्ग (समय दर्शन)।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में आज जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के यूथ रेडक्रास सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत महाविद्यालय के टीचर एवं स्टाफ द्वारा 7 यूनिट रक्तदान किया गया। इस शिविर में कलेक्टर सुश्री चौधरी ने भी रक्तदान किया। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, मलेरिया नोडल अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, सीएस डॉ. हेमंत साहू, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार नायक, डीपीएम डा. भूमिका वर्मा, हॉस्पिटल कंसलटेंट डॉ. ओपी वर्मा, मैट्रन श्रीमती चित्ररेखा बोरकर, नर्सिंग इंचार्ज श्रीमती मंजू राय, श्रीमती देव जनिक शिवहरे, ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. अविनाश, नर्सिंग आफिसर सती गुप्ता तरुणा रावत, काउंसलर टीएस एंथोनी, लैब टेक्नोलॉजीस्ट रोशन सिंह, लैब इंचार्ज रूपेश सरपे, लैब टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकर, निगार, मिनाक्षी, सूरज, हिमांशु चंद्राकर, कौशल साहू, माला प्रशिक्षणार्थी रिया, धनेश्वरी, यशवंत एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रबंध कारिणी सदस्य और जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, जीवन दीप समिति के सदस्य प्रशांत डोंगावकर की उल्लेखनीय भूमिका और सकारात्मक सहयोग रहा और सभी ने रक्तदाताओं को साधुवाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।


**//न्यायालय तहसीलदार दुर्ग//**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भः-जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. -00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. आर डी 202425430107400006

**//ईश्तहार//**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी यतेन्द्र कुमार ताम्रकारआ.स्व. बंशीलाल ताम्रकार पिता/पति-पता-तमेरपारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 57/223(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती अनिता ताम्रकार पिता/पति स्व. यतेन्द्र ताम्रकार पता -ए- 27 कर्मचारी नगर सिकोलाभाठा , विश्वासताम्रकार पिता/पति स्व. यतेन्द्र ताम्रकार पता-ए- 27 कर्मचारी नगर सिकोलाभाठा, विश्वनाथ ताम्रकारपिता/पति स्व. यतेन्द्र ताम्रकार पता-ए-27कर्मचारी नगर सिकोलाभाठा, विशाल ताम्रकार पिता/पति स्व. यतेन्द्रताम्रकार पता-ए- 27 कर्मचारीनगर सिकोलाभाठा के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/10/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग, जिला दुर्ग



**।। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग, जिला दुर्ग ।।**

**//उद्घोषणा //**

रा0प्र0क0 202410103300029/ अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.क्रं. 202410103300029 / अ-06 वर्ष 2023-24 आवेदक ललित कुमार श्रीवास पिता स्व. नीलकंठ श्रीवास निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम झोला प.ह.न. 28 रा.नि.मं. अंजोरा (ख) तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 751/1 रकबा 0. 2900 हे. भूमि स्व. नीलकंठ पिता स्व. रतन के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमि स्व नीलकंठ पिता स्व. रतन की मृत्यु दिनांक 21/07/2024 को हो जाने पर मृतक का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर उनके विधिक वारिसानो के नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 24/10/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/10/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

**जारी दिनांक- 10/10/2024**
**सुनवाई दिनांक- 24/10/2024**

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग (छ.ग.)**

**आदेश क्रमांक 4834/व.ले.लि./2024-25 दुर्ग, दिनांकः 07/10/2024**

सिस्टम निविदा क्र. 155339/ निविदा सूचना क्र.07/ वलेलि/ 2024-25, दुर्ग दिनांक 28.06.2024 के माध्यम से दुर्ग जिले के विकासखण्ड दुर्ग की सिंचाई कॉलोनी सिविल लाईन कसारीडीह दुर्ग में आवासीय भवन एफ- टाईप 04 नग जीर्णोद्धार एवं नव निर्माण कार्य की आमंत्रित निविदा में एक ही निविदाकार को योग्य पाये जाने से एकल निविदा होने के कारण प्रतिस्पर्धा के अभाव में निरस्त की जाती है ।

(सुरेश कुमार पाण्डेय)
कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग
दुर्ग (छ.ग.)

जी. नम्बर- 242500694

G- 242503220/2



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग (छ.ग.)**

दूरभाष क्र. 0778-2323633, E-mail:eedurg-phe-cg@nic.in

नि.सू.क्र. 05 . 06 /तशा./(निविदा)/का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2024 दुर्ग, दिनांक : 14-10-2024

**//मैनुअल पद्धति निविदा सूचना//**

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र ए" में प्रतिशत दर पर दुर्ग जिले में राज्यमद अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के स्रोत निर्माण हेतु विकासखंड दुर्ग/धमधा/पाटन के विभिन्न ग्रामों में 150 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे नलकूप खनन कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 23.10.2023 शाम 5.30 बजे है।

| नि.सू. क्र./दिनांक | समूह क्रमांक | विकासखंड | नलकूप की संख्या | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 05/दि. 14.10.2024 | 01 | दुर्ग | 01 नग | 0.934 |
| | 02 | धमधा | 04 नग | 3.737 |
| | 03-05 | धमधा | 05 नग प्रत्येक समूह | 4.672 प्रत्येक समूह |
| 06/दि. 14.10.2024 | 01-04 | पाटन | 05 नग प्रत्येक समूह | 4.672 प्रत्येक समूह |

यह निविदा सूचना मूल निविंदा का एक अंग है। विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी इस कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

G- 242503241/1

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दुर्ग (छ.ग.)

दैनिक समय दर्शन
web: - www.samaydarshan.org



# विधायक गजेंद्र यादव ने बच्चियों से लिए वचन संतुलित आहार अपनाएंगे मेहंदी लगाकर बच्चियों ने दिया बेटी बचाओ का संदेश

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक गजेंद्र यादव ने स्कूल की बच्चियों से संवाद किये। दैनिक जीवन में पौष्टीक एवं संतुलित आहार लेने उनसे वचन लिए ताकी शारीरिक एवं मानसिक विकास में समस्या न हो। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में विधायक श्री यादव ने बच्चियों को मौसम के अनुरूप फल एवं सब्जियाँ में मिलने वाले पौष्टीक गुण एवं तत्वों की जानकारी देते हुए अच्छा भोजन लेने प्रेरित किये। इस दौरान गयानगर के 5 नन्ही बच्चियों को विभाग की ओर से पोषण आहार किट प्रदान किये। मेंहदी, पेंटिंग और रंगोली के माध्यम से सुन्दर चित्र उकरते हुए बेटी बचाओ का संदेश देने वाले बेटियों को पौष्टीक मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किये।



एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग शहरी के तत्वाधान में परियोजना स्तरीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम चंद्रशेखर आजाद हायर सेकेंडरी स्कूल नयापारा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव बेटियों को स्वास्थ्य और शिक्षा पर उनसे संवाद किये। विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ पौष्टीक आहार, स्वच्छता और खान पान अच्छा रखने कहा ताकी हमारा शरीर स्वस्थ रहे। बड़ी संख्या में उपस्थित बच्चियों को सम्बोधित करते हुए दैनिक जीवन में संतुलित आहार अपनाने हेतु प्रेरित किये।

**रंगोली और पेंटिंग से दिए बेटी बचाने संदेश** – कार्यक्रम में स्कूल में पढ़ने वाली बच्चियों ने हाथों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देने विभिन्न गतिविधि आयोजित किये। किसी ने हाथों में मेहंदी लगाई तो कुछ ने बच्चियों ने रंगोली और पोस्टर भी बनाए थे जिसका विधायक गजेंद्र यादव ने अवलोकन कर उनके द्वारा प्रभावी ढंग से चित्रकारी की प्रशंसा भी किये। कार्यक्रम में पार्षद जमुना साहू, चमेली साहू, मनीष साहू, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य भूपेंद्र यादव, प्रिंसिपल नंदिनी वर्मा, महिला एवं बाल विकास से अनीता सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाए उपस्थित रहे।

## प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी के प्रतिनिधि मण्डल ने डॉ.रमन सिंह, अरूण साव,गौरीशंकर अग्रवाल से की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर( समय दर्शन )।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज का प्रतिनिधि मंडल विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ,उप-मुख्यमंत्री अरूण साव ,पूर्व विधानसभाध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता गौरीशंकर अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात किया।

बलौदा बाजार अग्नि कांड में जेल में बंद निर्दोष लोगों की रिहाई करवाने के सम्बंध में आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। समाज के प्रतिनिधि मण्डल के आग्रह पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव और गौरीशंकर अग्रवाल ने आवश्यक सहयोग करने का आश्वासन दिया । डॉ.रमन सिंह ने प्रगतिशील संगठन के प्रमुखों के साथ पुन: बैठकर चर्चा करने के लिए आने कहा ।



उन्होंने कहा कि, सामाजिक मामले को समाज हित मे समाज के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के नेतृत्व में सरकार एवं संगठन से चर्चा होगी जिसमें भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े ,दुर्गा महेश्वर एवं अन्य सदस्य रहेंगे।

इस दौरान प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद भतपहरी, प्रदेश संरक्षक विनोद भारती, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम टांडे , गुरू घासीदास गृह निर्माण सहकारी समिति न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर के अध्यक्ष एवं प्रगतिशील संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शंकर कुमार सोनवानी , सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अग्रलाल जोशी ,युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप श्रृंगी, प्रदेश महासचिव युवा प्रकोष्ठ अशोक बंजारे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा प्रकोष्ठ गिरवर वारे उपस्थित रहे।

## सी डी डिलक्स वाहनमय अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

- आबकारी वृत्त सांकरा प्रभारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार झारिया के नेतृत्व में की गई कार्यवाही



**बसना ( समय दर्शन )।** अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही करने के सम्बन्ध में कलेक्टर महासमुन्द के निर्देशानुसार एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी निधीष कोष्टी के मार्गदर्शन में दिनांक 16.10.2024 को मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम सांकरा द्वारा बिजेपुर से गौरिया जंगल मुख्यमार्ग में नाकाबंदी दो पहिया वहाँ हीरो होंडा सीडी डीलक्स वाहन न. छ्त्त04 छ्ङ्क8544 से परिवहन करते आरोपी दुर्गेश बाघ पिता अमर सिंह उम्र 20 वर्ष साकिन बिजेपुर, थाना सांकरा के कब्जे से अवैध हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कुल मात्रा 10 लीटर जिसका बाजार मूल्य 2000/- एवं जप्त वाहन का बाजार मूल्य लगभग 25000/- , जिसे छ. ग. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत विधिवत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया गया।

## सांसद रूपकुमारी चौधरी ने पिरदा सेजेस में किया नि:शुल्क सरस्वती साइकिल वितरण

**अभय धृतलहरे/ बसना( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल वितरण योजनान्तर्गत सेजेस पिरदा मे आयोजित सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम में सांसद श्रीमती रूपकुमारी ओमप्रकाश चौधरी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई।

पिरदा सेजेस मे कार्यक्रम विद्यालय परिवार के संस्था प्रमुख ,शिक्षकों एवं छात्रसंघ प्रमुखों के सांसद महोदया का आत्मीय स्वागत किया । अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी का परिणाम है कि, आज हमारी बेटियां सशक्त हो रही हैं और तेजी से समाज को दिशा दिखाने का काम कर रही हैं। उक्त बातें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी,इंग्लिश माध्यम विद्यालय पिरदा में आयोजित नि:शुल्क सरस्वती साईकिल वितरण योजना में महासमुन्द क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा।




उन्होंने विद्यालय में बालिकाओं की अधिक संख्या को देखकर गर्व महसूस करते हुए कहा कि वास्तव में ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान का सकारात्मक परिणाम देखने को मिला है। उन्होंने विद्यालय की छात्राओं को प्रेरित किया। इसके पहले उन्होंने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर अपने बचपन को याद करते हुए यादगार तस्वीरें ली।

कार्यक्रम मे अध्यक्षता प्राचार्य तरूण कुमार पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पिरदा भाजपा मण्डल के अध्यक्ष हरप्रसाद पटेल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इंदल बरिहा, सरपंच पिरदा आतराम चौहान, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष शेख इमामुद्दीन, प्रधानपाठक अरूण प्रधान मंचासीन रहे।

इसके पहले इंग्लिश माध्यम विद्यालय के हेड बाय अबशालोम कुमार एवं ग्रुप ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वरिष्ठ व्याख्याता महेश कुमार बरिहा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । इस अवसर पर कक्षा नवीं की 69 छात्राओं को योजना के तहत सांसद महोदया के कर कमलों से साईकिल प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक लोरीश कुमार ने किया। कक्षा दसवीं की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सुआ नृत्य को दर्शकों ने खूब सराहा।

इस दौरान पिरदा मणडल के महामंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष जगदीश प्रधान, प्रवक्ता दीनबंधु प्रधान, उपाध्यक्ष रमेश प्रधान, परसु राम गडतिया, आमोस दीप, महिला मोर्चा की महामंत्री सरिता प्रधान, खिरोद्र प्रधान, मीडिया प्रभारी हरिकेश भोई, टीटू अग्रवाल, चुन्नूलाल पटेल, दुलसिंग यादव सहित हिन्दी एवं इंग्लिश माध्यम विद्यालय के सभी शिक्षक एवं पालक गण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## मामा-भांचा मेला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ मेला का आयोजन संपन्न




**अभय धृतलहरे/ बसना( समय दर्शन )।** बसना विकासखण्ड अंतर्गत भवंरपुर से लगे मामा भांचा जंगल में शरद पूर्णिमा के अवसर पर लगे मेला के दौरान मेले मे आने जाने वाले लोगों को जरूरत पर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने हेतू बसना एसडीएम(स्ठरू) रविराज ठाकुर के आदेशानुसार मामा-भांचा मेला समिति के अध्यक्ष बाबूलाल दीवान के प्रयास से मेला देखने दूर-दराज से आए हुए श्रद्धालुओ की स्वास्थ्य की देख-रेख के लिए बीएमओ(ब्क्स्ह्) नारायण साहू सीएचसी(ष्ट।ष्ट)बसना के द्वारा हेल्थ मेला का आयोजन किया गया। जिसमे स्वास्थ्य विभाग के सीआर डहरिया, आरएचओ(क्र।ह्) गुलाब पटेल,डमरूधर पटेल,तिलकराज देवांगन,मदनसिंग सिदार ने श्रद्धालुओ की स्वास्थ्य की देखरेख के लिए शाम से लेकर रात सुबह तक पूरे मेला रहथे तक अपनी सेवाएं प्रदान की। इस दौरान अनेक श्रद्धालुओं ने स्वास्थ्य सुविधाओं का उचित लाभ लिया । मामा-भांचा मेला समिति के अध्यक्ष और समिति के सभी सदस्यों ने स्वास्थ्य विभाग के उनकी पूरी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किये।

## परसा कोयला खदान में जबरन अवैध पेड़ कटाई का विरोध करते ग्रामीणों पर लाठीचार्ज अमानवीय, अदानी के इशारों पर चल रही साय सरकार - छत्तीसगढ़ जन संघर्ष मोर्चा

- पुलिस के बीच तनावपूर्ण स्थिति,पुलिस के मारपीट से एक घायल

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** दुर्ग के विभिन्न संगठनों और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील नागरिकों ने हसदेव अरण्य में परसा कोयला खदान में हुई पेड़ो की कटाई और प्रभावित आदिवासी समुदाय पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में दुर्ग में प्रदर्शन किया गया ।

चंद्रभान सिंह ठाकुर ने बताया कि सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड के ग्राम साल्ही और आस-पास के अन्य ग्रामों के साथ-साथ सूरजपुर जिले के जनार्दनपुर और अन्य इलाकों में परसा कोल खदान परियोजना को लेकर आज तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। गुरुवार की सुबह से ही सैकड़ों पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई का काम चल रहा है, जिसका ग्रामीण और हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य विरोध कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा (मज़दूर कार्यकर्ता समिति) से कलादास डहरिया ने बताया कि हसदेव अरण्य पांचवी अनुसूची क्षेत्र में शामिल है, इसके बावजूद पेसा कानून और आदिवासियों के तमाम संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करते हुए हसदेव में पेड़ों में कटाई शुरू कर दी गई है। इसका विरोध करने वाले प्रभावित आदिवासी समुदाय के लोगों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया है जिसमे हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य रामलाल करियाम घायल हुए है भाजपा सरकार की इस दमनात्मक कार्यवाही का हम विरोध करते है । भाजपा ने चुनाव से पहले अपने घोषणा पत्र में हसदेव में संचालित कोयला खदान को भ्रष्टाचार बताया था पर आज प्रदेश में सरकार में आने के बाद इन्हें भ्रष्टाचार दिखाई नहीं दे रहा है।



संदीप पटेल ने कहा कि परसा कोयला खदान के लिए हो रही पेड़ो की कटाई पूरी तरह से ग़ैर क़ानूनी है । इस खदान के लिए फर्ज़ी ग्राम सभा करवाई गई थी । 2021 में उक्त फर्ज़ी ग्राम सभा की जाँच करने तत्कालीन राज्यपाल अनुसुईया उईके जी ने आदेश जारी किया था । फर्ज़ी ग्राम सभा की जाँच छत्तीसगढ़ अनुसिचित जनजाति आयोग द्वारा की गई है । जाँच में साल्ही और घाटबर्रा के पंचायत सचिव ने कहा है कि खनन की सहमति का प्रस्ताव ग्राम सभा की बैठक के बाद उच्च अधिकारियो के दबाव में जोड़ा गया है । उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम की उपस्थित पंजी एसडीएम ने अपने क़ब्ज़े में रखी थी । फर्ज़ी ग्राम सभा करवाने वाले अधिकारियो पर कार्यवाही करने की बजाए निर्दोष आदिवासीयो पर लाठीचार्ज किया जा रहा है । ये विष्णुदेव सरकार का कैसा सुशासन है ? ज़िला किसान संघ (राजनांदगाँव) के महेश साहू ने कहा कि लगभग 6000 पेड़ों की कटाई की जा रही है, जिससे लगभग 140 हेक्टेयर जंगल का सफाया किया जाएगा ताकि परसा कोल ब्लॉक का काम शुरू हो सके।

26 जुलाई 2022 को विधानसभा में अशासकीय संकल्प के माध्यम से हसदेव में आबंटित सभी कोल ब्लॉक रद्द करने हेतु सर्वानुमति से संकल्प पारित किया था । परंतु उस संकल्प की अवमानना कर हसदेव के पुनः पेड़ो की कटाई की गई ।

छत्तीसगढ़ जान संघर्ष मोर्चा के विद्.एन प्रसाद राव ने कहा कि केंद्र सरकार के ही एक संस्थान भारतीय वन्य जीव संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि हसदेव अरण्य में कोयला खनन से हसदेव नदी और बांगो बांध के अस्तित्व पर संकट होगा। प्रदेश में मानव हाथी संघर्ष इतना बढ़ जाएगा कि फिर कभी उसे संभाला नही जा सकता। इस रिपोर्ट के बाद भी हसदेव अरण्य में खनन परियोजनाओं को आगे बढ़ाना प्रदेश के लिए आत्मघाती कदम होगा। ज्ञापन देने वि.एन प्रसाद राव, संदीप पटेल , चन्द्रभान सिंह ठाकुर, महेश साहू, कलादास डहरिया, पवन, गीत ढहरिया, आदिवासी मातृशक्ति संगठन से चंद्रकला तारम, उमा सिंह, चंद्रिका रावत, छत्तीसगढ़ महिला मुक्ति मोर्चा से नीता ढहरिया और कामेश्वरी उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त-खबर

### संस्कार सिटी कॉलेज ऑफएजुकेशन में मनाया गया प्रवेश उत्सव




**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, रजनांदगांव में दिनांक 17 अक्टूबर 2024, दिन-गुरूवार को नव प्रवेशित छात्राध्यापकों के साथ महाविद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा द्वारा मां सरस्वती के करकमलो पर पुष्प अर्पित कर किया गया। नव प्रवेशित छात्राध्यापकों ने अपना व्यक्तिगत परिचय दिया। परिचय के उपरांत महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा उन्हें आगामी दो वर्षों में एक उच्च कोटि के शिक्षक के रूप में अपना भविष्य निखारने की मंगलकामना के साथ सभी प्रशिक्षणार्थियों का मुंह मीठा करा कर उपहार स्वरूप (शिक्षक की ताकत) कलम (पेन) प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं नव प्रवेशित छात्राध्यापकों ने अपनी-अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

### बालोद जिले के 6 प्रधान आरक्षक, सहायक उप निरीक्षक पद पर हुए पदोन्नत



**बालोद (समय दर्शन)।** गुरुवार को प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक पद के लिए बालोद जिले में कार्यरत 06 प्रधान आरक्षक पदोन्नत हुए, जिन्हें पुलिस कार्यालय बालोद में पुलिस अधीक्षक एस.आर. भगत, अति. पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी के द्वारा प्रोमोट हुए अधिकारियों को पद अनुसार स्टार बैज, पी कैप पी कैप पहनाकर बेहतर कार्य करने उज्ज्वल भविष्य की कामना कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, डीएसपी राजेश बागड़े, रक्षित निरीक्षक श्रीमती रेवती वर्मा, ट्रैफिक प्रभारी राकेश ठाकुर एवं ऑफिस स्टाफके द्वारा पदोन्नत हुए अधिकारियों को शुभकामनाएं दी गई।

प्र. आर. से सहायक उप निरीक्षक हेतु पदोन्नत अधिकारी, स.ऊ.नि. राम प्रसाद, स.ऊ.नि. महेन्द्र सिंह, स.ऊ.नि. झुमुक लाल, स.ऊ.नि. हिरामन मण्डावी, स.ऊ.नि. गोपाल राम, स.ऊ.नि. तोरन लाल साहू है।

### केसरा और सोनपुर में उपस्वास्थ्य केंद्र शुरू, सांसद विजय बघेल ने किया लोकार्पण




**पाटन (समय दर्शन)।** ग्राम केसरा और सोनपुर में उपस्वास्थ्य केंद्र आज से शुरू हुआ। सांसद विजय बघेल ने इसका लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। ग्रामीणों का इलाज गांव में ही हो इसके लिए जगह जगह उपस्वास्थ्य केंद्र खोल रहे है। इन केंद्रों पर सुविधा में मुहैया कराई जा रही है। सांसद श्री बघेल का स्वागत केसरा और सोनपुर के सरपंच सहित ग्रामीणों ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लोक मणि चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि लालेश्वर साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हर्षा चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक थे। इस अवसर पर सरपंच केसरा भागवत सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य संतराम कुंभकार, अखिलेश मिश्रा, कुणाल शर्मा, राजेश वर्मा, नितेश तिवारी, बीएमओ डॉक्टर बी कठौतिया, केके वर्मा, सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### पाटन की सड़क फिर खून से रंगी, सड़क दुर्घटना में गुजरा के अधेड़ की मौत माजदा ने चपेट में लिया

**पाटन (समय दर्शन)।** थाना पाटन के ग्राम गुजरा में बीते बुधवार की शाम की करीब 7 बजे स्वराज माजदा की चपेट में आने से गुजरा के ही एक अधेड़ की मौत हो गई। पाटन पुलिस मर्ग कायम कर कार्रवाई कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम गुजरा में रहने वाले विक्रांत धीमर 42 साल बाइक से अपने घर जा रहा था। तभी मटिया की तरफसे स्वराज माजदा जो कि राशन दुकान में चांवल छोड़कर वापस जा रहा था तभी गुजरा हाईस्कूल के पास विक्रांत को अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि विक्रांत की मौके पर ही मौत हो गई थी। पाटन पुलिस कार्रवाई कर रही है।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26